
# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, बुधवार
21 मई 2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 82 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579

## बुनियादी ढांचा क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में महज 0.5% बढ़ा, मार्च से आई इतनी गिरावट

नई दिल्ली। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को भारत के बुनियादी ढांचे के उत्पादन से जुड़े आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों में आठ क्षेत्रों की गतिविधियों को ट्रैक किया जाता है, जो देश के औद्योगिक उत्पादन का 40% है। आकड़े क्या कहते हैं, आइए जानें। अप्रैल 2025 में देश के कोर सेक्टर की उत्पादन वृद्धि दर घटकर 0.5 प्रतिशत रह गई। पिछले साल इसी महीने में यह 6.9 प्रतिशत थी। सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई है। शेष पेज 2 पर

# अगर छेड़ोगे तो अपने अस्तित्व के लिए जूझोगे...

## योगी आदित्यनाथ ने पाकिस्तान को दिया साफ संदेश

कासगंज। योगी ने दावा किया कि पाकिस्तान दुनिया से गुहार लगा रहा है कि एक बार उसे छोड़ दो। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में सेना को आधुनिक और मजबूत बनाने का काम हुआ है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कासगंज जिले में 724 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर बोलते हुए सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना की ताकत की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत के वीर जवानों ने पाकिस्तान को धूल चटाई है। अगर हमारी सेना मजबूत नहीं होती तो पाकिस्तान जैसे दुश्मनों के सामने देश की जनता कैसे सुरक्षित रह पाती?

योगी ने दावा किया कि पाकिस्तान दुनिया से गुहार लगा रहा है कि एक बार उसे छोड़ दो। ऐसा इसलिए क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में सेना को आधुनिक और मजबूत बनाने का काम हुआ है। लगातार



प्रयास किए गए हैं और यही वजह है कि भारतीय सेना किसी भी दुश्मन का सामना करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। अगर दुश्मन कुछ करने की हिमाकत करता है तो भारतीय सेना उसके घर में घुसकर उसे मारने और तबाह करने की पूरी क्षमता रखती है।

मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि भारत ने बता दिया है कि अगर हमारे एक नागरिक को भी छेड़ोगे तो अपने अस्तित्व के लिए जूझोगे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कासगंज पुलिस लाइन में पुलिस बैरक और एक सभागार का उद्घाटन और निरीक्षण किया। इससे पहले सोमवार को योगी आदित्यनाथ ने सहकारिता विभाग की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें छोटे और सीमांत किसानों को आसान और किफायती ऋण उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया।

**बार अनुमति ही नहीं मिली**

बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री ने जोर दिया कि सहकारिता के माध्यम से समृद्धि आएगी और मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना बनाने का आह्वान किया।

शेष पेज 2 पर

## ऑपरेशन सिंदूर छोटा युद्ध... मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्र पर बड़ा आरोप, मोदी सरकार ने पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई



नई दिल्ली। पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए दक्षिण कश्मीर की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को मारे गए 26 पर्यटकों के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल रहने के लिए केंद्र की आलोचना की। कर्नाटक में समर्पण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले महीने पहलगाम आतंकी हमले से तीन दिन पहले खुफिया रिपोर्ट मिलने के बाद अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था।

शेष पेज 2 पर

## विदेश सचिव मिस्री ने की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की ब्रीफिंग, अभिषेक बनर्जी भी हुए शामिल

नई दिल्ली । पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद पर भारत का रुख स्पष्ट करने के लिए केंद्र सरकार सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेज रही है। प्रतिनिधिमंडल अलग-अलग देशों की यात्रा करेंगे। इन प्रतिनिधिमंडलों को विदेश सचिव ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के खिलाफ अहम तथ्यों से अवगत करा रहे हैं।

विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने मंगलवार को पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रखने के लिए विभिन्न देशों की यात्रा पर जाने वाले सात में से तीन सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को ब्रीफ किया है।

जेडीयू के संजय झा, शिवसेना के श्रीकांत शिंदे और डीएमके की कनिमोझी के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों ने इस ब्रीफिंग में हिस्सा लिया। जिसमें उन्हें उनके एजेंडे और उसके महत्वपूर्ण



बिंदुओं की जानकारी दी गई।

टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी ने भी इस बैठक में भाग लिया। बता दें कि, उनकी पार्टी द्वारा सरकार के "एकतरफा" निर्णय के खिलाफ विरोध किया था। बनर्जी उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं जिसका नेतृत्व संजय झा कर रहे हैं और जो जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, इंडोनेशिया और सिंगापुर की यात्रा करेगा।

**बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सात सांसद जाएंगे सऊदी अरब**ञ- सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के पहले ग्रुप में सात सांसद भाजपा सांसद बैजयंत पांडा के नेतृत्व में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जाएंगे। इस ग्रुप में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, एस फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन औवैसी, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद हैं। उनके साथ राजनियक हर्षवर्धन श्रृंगला जाएंगे।

**दूसरा ग्रुप जाएगा यूके, फ्रांस और जर्मनी-** सांसदों का दूसरा समूह भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में यूके, फ्रांस, जर्मनी, यूरोप, इटली और डेनमार्क जाएगा। इसमें बीजेपी सांसद डी पुंडरेश्वरी, शिवसेना यूबीटी की सांसद प्रियंका चतुर्वेदी, मनोनीत सांसद गुलाम अली खटाना, कांग्रेस सांसद डॉ. अमर सिंह, भाजपा सांसद समिक भट्टाचार्य, एमजे अकबर होंगे। उनके साथ राजनयिक पंकज सरन होंगे।

**तीसरे ग्रुप का नेतृत्व करेंगे जदयू सांसद संजय झा-** सांसदों का तीसरा समूह जदयू सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में इंडोनेशिया, मलयेशिया, कोरिया गणराज्य, जापान और सिंगापुर जाएगा। इसमें भाजपा सांसद अपराजिता सारंगी, एआईटीसी सांसद युसूफ पठान, भाजपा सांसद बृजलाल, सीपीआई एम सांसद डॉ. जॉन ब्रिटास, भाजपा सांसद प्रदान बरुआ, हेमांग जोशी व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद शामिल हैं। इस ग्रुप में राजनयिक मोहन कुमार होंगे।

शेष पेज 2 पर

## वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत



नई दिल्ली। केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को पिछले महीने अधिसूचित किया था, जिसके बाद इसे 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई थी। इस विधेयक को लोकसभा ने 288 सदस्यों के समर्थन से पारित किया, जबकि 232 सांसद इसके खिलाफ थे। राज्यसभा में इसके पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 सदस्यों ने मतदान किया।

सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की। सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी।

शेष पेज 2 पर

### ज्योति मल्होत्रा पर अब तक का सबसे बड़ा खुलासा!

## दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर की चैट किए डिलीट, फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया फोन-लैपटॉप

नई दिल्ली। दानिश ने पाकिस्तान उच्चायोग में अपनी बैठक के दौरान मल्होत्रा को कई पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मिलवाया था। पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस के बारे में चर्चा करते समय दानिश ने अपनी पत्नी को भी ज्योति से मिलवाया।

हरियाणा की रहने वाली यूट्यूबर और ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी जासूसी जांच में नए विवरण सामने आए हैं। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, मल्होत्रा ??ने पाकिस्तान उच्चायोग के पूर्व अधिकारी दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बारे में अपनी चैट हिस्ट्री डिलीट



कर दी है, जिससे महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ करने के प्रयास के बारे में गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

दानिश नई दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग में कर्मचारी था। उसे जासूसी के आरोपों में अवांछित व्यक्ति घोषित किए जाने के बाद 13 मई को भारत से निष्कासित कर दिया गया था। दानिश ने पाकिस्तान उच्चायोग में अपनी बैठक के दौरान मल्होत्रा को कई पाकिस्तानी खुफिया अधिकारियों से मिलवाया था। पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस के बारे में चर्चा करते समय दानिश ने अपनी पत्नी को भी ज्योति से मिलवाया।

शेष पेज 2 पर

### जासूसी कांड | आईएसआई जासूसः

## एटीएस के रडार पर 21 संदिग्ध, इनमें चार महिलाएं भी शामिल, शहजाद की गिरफ्तार के बाद खुलासा

मुरादाबाद । एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी कर रहे रामपुर के शहजाद को गिरफ्तार किया है। वह व्यापार के सिलसिले में पाकिस्तान जाकर आईएसआई के संपर्क में आया था। जांच में सामने आया कि वह युवाओं को धर्म के नाम पर जोड़कर आईएसआई एजेंटों से मिलवाता था और भारतीय सिम उन्हें मुहैया कराता था।

एटीएस द्वारा पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के जासूस शहजाद की गिरफ्तारी के बाद उसके करीब 21 अन्य लोग भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं। इनमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। रामपुर जिले के टांडा थाना क्षेत्र के आजादनगर निवासी शहजाद अपने कारोबार के सिलसिले में पाकिस्तान जाता था।

वहीं वह आईएसआई अधिकारियों के संपर्क में आया और जासूस बन गया। उसकी



गतिविधियों की एटीएस दो माह से निगरानी कर रही थी। एटीएस ने उसके नंबर को सर्विलांस पर ले लिया था। जांच अधिकारियों ने आईएसआई एजेंटों से बातचीत का रिकॉर्ड इकट्ठा करने के बाद उसको गिरफ्तार किया।

आरोप है कि शहजाद आईएसआई एजेंटों से संपर्क होने के बाद उनके प्रभाव में आ गया था। धर्म का हवाला देकर वह युवाओं को अपने संगठन से जोड़ रहा था। कई युवाओं को वह आईएसआई एजेंटों से मिलवा चुका था। सूत्रों के अनुसार उसने भारतीय सिम आईएसआई के एजेंटों को उपलब्ध कराया था।

इनका इस्तेमाल पाक एजेंसी जासूसी के लिए करती थी। गिरफ्तार एजेंट रामपुर और मुरादाबाद के करीब 21 लोगों से लगातार संपर्क में था। इसमें चार महिलाएं भी शामिल हैं। एटीएस की टीम सभी लोगों की गहराई से छानबीन कर रही है। हालांकि, अभी किसी अन्य व्यक्ति को जांच एजेंसी ने हिरासत में नहीं लिया है। शेष पेज 2 पर

## जिला कलेक्ट्रेटों को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा कलेक्ट्रेटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन में हड़कंप मच गया। इसके बाद प्रशासन ने जिलों को हाई अलर्ट पर रखते हुए पुलिस जांच शुरू कर दी। हालांकि भीलवाड़ा को धमकी मॉक ड्रिल निकली।

राजस्थान के कई जिलों के कलेक्ट्रेट कार्यालयों को सोमवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे प्रशासनिक महकमे में अफरातफरी मच गई। सीकर, टोंक, राजसमंद और भीलवाड़ा जिलों में कलेक्ट्रेट को उड़ाने की धमकी ई-मेल के जरिए दी गई, जिसके बाद चारों जगह सुरक्षा



एजेंसियों ने मोर्चा संभाल लिया और कलेक्ट्रेट परिसरों को खाली करवाकर बम निरोधक दस्तों और डॉग स्क्वॉड की मदद से सघन तलाशी अभियान चलाया गया।

**सीकर में धमकी के बाद कलेक्टर कार्यालय खाली, डॉग स्क्वॉड ने की तलाशी**

सीकर कलेक्ट्रेट को सुबह एक संदिग्ध ईमेल प्राप्त हुआ, जिसमें परिसर को आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी दी गई थी। कलेक्टर के निजी सचिव सर्वेश माथुर ने बताया कि ईमेल मिलते ही जिला प्रशासन और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी गई

शेष पेज 2 पर

# असम के मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने किया कामरूप जिले में अरुणोदय 3.0 के कार्यों की समीक्षा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

**असम :**असम सरकार में पर्यावरण और वन मंत्री तथा कामरूप जिले के अभिभावक मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने आज असम के कामरूप जिले के अमीनगांव में एकीकृत जिला कार्यालय के बैठक कक्ष में अरुणोदय 3.0 के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में अरुणोदय 3.0 के तहत कामरूप जिले के 1,66,380 लाभार्थियों को कवर करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किए जाने वाले उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। विशेष रूप से अभिभावक मंत्री चंद्र मोहन पटवारी ने इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण लाभार्थियों के आवेदन पत्रों के डिजिटलीकरण के क्षेत्र में जिले में विकास खंड स्तर पर किए जा रहे कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। मंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से काम करें कि 30 मई तक सभी फॉर्मों



को डिजिटल कर दिया जाए ताकि फॉर्मों के डिजिटलीकरण का काम पूरा हो सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को अरुणोदय 3.0 के कार्यान्वयन के लिए डीआईडीएस पोर्टल पर लाभार्थी की जानकारी अपलोड करते समय जानकारी की सटीकता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि एक परिवार से एक से अधिक लाभार्थियों के नाम शामिल न हों। बैठक में रंगिया विधानसभा चुनाव क्षेत्र के विधायक भवेश कलिता, पलाशबाड़ी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हेमांग ठाकुरिया और बोको विधानसभा क्षेत्र के विधायक नंदिता दास के साथ-साथ सांसदों और विधायकों के प्रतिनिधि मौजूद रहे बैठक में सबसे पहले कामरूप जिला विकास आयुक्त सुशांत कुमार दत्ता ने अरुणोदय 3.0 के तहत कामरूप जिले में किए जा रहे कार्यों की प्रगति पर प्रस्तुति दिया। बैठक में रंगिया सम-जिला के सम-जिला आयुक्त देबाशीष गोस्वामी, सहायक आयुक्त पार्थ प्रतिम चौधरी और विभिन्न विकासखंडों के खंड विकास अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली सरकार का बड़ा फैसला

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली ।दिल्ली सरकार ने पिछली केजरीवाल सरकार के एक फैसले को पलट दिया है। सरकार ने एलएडी निधि को घटा दिया है। दिल्ली सरकार के शहरी विकास विभाग की ओर से जारी एक हालिया आदेश के अनुसार 2 मई को कैबिनेट के फैसले के अनुसार विधायक एलएडी फंड को प्रति विधानसभा क्षेत्र प्रति वर्ष 5 करोड़ रुपये रखा गया है। दिल्ली सरकार ने वार्षिक विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास (एलएडी) निधि को 15 करोड़ रुपये से घटाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया है। पिछले साल अक्तूबर में तत्कालीन आप सरकार ने विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले निधि को 10 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 15 करोड़ रुपये कर दिया था।

# असम से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने साधारण सोशल मीडिया ट्रोल से किया राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की तुलना

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**

असमः असम के जोरहाट लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर तीखा हमला करते हुए उन पर बार-बार गलत सूचना फैलाने और निराधार दावे करने का आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री के एक वीडियो क्लिप पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सांसद गोगोई ने कहा कि, ह्लअसम के मुख्यमंत्री सबसे हास्यास्पद और निरर्थक झूठ बोलने में बार-बार गलती करते हैं। कभी-कभी उनमें और एक आम सोशल मीडिया ट्रोल में ज्यादा फर्क नहीं होता है ।ह्लइस वीडियो में सीएम सरमा आरोप लगाते हुए दिख रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी ने असम में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी के लिए एक बॉडी डबल का इस्तेमाल किया, जिसमें उन्होंने इंडिया टुडे एनई द्वारा उठाए गए एक ₹सवाल₹ का हवाला दिया।



फुटेज में मुख्यमंत्री को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि भारत जोड़ो यात्रा बस के सामने देखा गया व्यक्ति राहुल गांधी नहीं था और गांधी एक बड़े कमरे में थे, जो ₹हमारे बेडरूम₹ से बेहतर था, जबकि बाहर के लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि वह लंबी दूरी तक पैदल चलकर आए हैं। गोगोई ने टिप्पणी का हवाला देते हुए कहा कि अगर सरमा मुख्यमंत्री के पद पर नहीं होते तो इस तरह के निराधार बयानों पर कोई ध्यान नहीं देते ।

गौरव गोगोई ने कहा, ₹अगर वह असम के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठे होते तो कोई भी उन पर ध्यान नहीं देता। इस तरह के बाद विवाद से इनदिनों हिमंत बिस्वा सरमा और गौरव गोगोई के बीच चल रहे तनाव को उजागर करता है। विशेष रूप से इसके कारण शुरू हुए राजनीतिक विमर्श के इर्द-गिर्द की कहानियों को लेकर इनदिनों राजनीतिक महलों में काफी गर्मी छायी हुई है।

## पेज एक का शेष...

ट्रैक

### अगर छेड़ोगे तो अपने अस्तित्व के लिए जूझोगे...

सीएम योगी ने भंडारण क्षमता बढ़ाने और निजी निवेश को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया, जो सहकारिता नीति में महत्वपूर्ण सुधारों का संकेत देता है। उन्होंने सहकारी बैंकों की ऋण वितरण क्षमता को बढ़ाने और उनकी शाखाओं के आधुनिकीकरण का निर्देश दिया।

### वक्फ कानून पर आज फिर सुनवाई, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत

याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती।

अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ।

'लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा'- कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले, हालांकि संपत्ति को एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया था, लेकिन संपत्ति की पहचान वक्फ होने से नहीं बदली और सरकार को हस्तांतरित हो गई। अब ऐसी वक्फ संपत्ति शून्य हो जाएगी और एक बार वक्फ शून्य हो जाने पर लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा। धार्मिक गतिविधि को स्वतंत्र रूप से करने के अधिकार पर रोक लगा दी गई है।

कोर्ट का जवाब- सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि लोग अभी भी खजुराहो मंदिर में जाकर प्रार्थना करते हैं, हालांकि इसे एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है।

पीठ ने 15 मई को सुनवाई 20 मई तक टाली थी-सीजेआई जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने 15 मई को सुनवाई 20 मई तक टाली थी और कहा था कि वह अदालतों, उपयोगकर्ता या विलेख के जरिये वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति समेत तीन मुद्दों पर अंतरिम निर्देश पारित करने के लिए दलीलें सुनेगी।

याचिकाकर्ताओं की ओर से उठाया गया दूसरा मुद्दा राज्य वक्फ बोर्डों और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना से संबंधित है, जहां उनका तर्क है कि पदेन सदस्यों को छोड़कर केवल मुसलमानों को ही काम करना चाहिए। तीसरा मुद्दा उस प्रावधान से संबंधित है, जिसके अनुसार, जब कलेक्टर यह पता लगाने के लिए जांच करेगा कि संपत्ति सरकारी भूमि है या नहीं, तो वक्फ संपत्ति को वक्फ नहीं माना जाएगा। पीठ ने कानून की वैधता को चुनौती देने वालों की ओर से पेश कपिल सिब्बल और अन्य व केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से 19 मई तक अपने लिखित नोट दाखिल करने को कहा था। पीठ को दोनों पक्षों के वकीलों ने बताया कि जजों को दलीलों पर विचार करने के लिए अधिक समय की आवश्यकता हो सकती है। मेहता ने कहा कि किसी भी मामले में, केंद्र का एक आश्वासन है कि वक्फ की ओर से उपयोगकर्ता की स्थापित संपत्तियों सहित किसी भी वक्फ संपत्ति को गैर-अधिसूचित नहीं किया जाएगा। उन्होंने पहले आश्वासन दिया था कि नए कानून के तहत केंद्रीय वक्फ परिषद या राज्य वक्फ बोर्डों में कोई नियुक्ति नहीं की जाएगी। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह 20 मई को पूर्ववर्ती 1995 के वक्फ कानून के प्रावधानों पर रोक लगाने की किसी भी याचिका पर विचार नहीं करेगी।

बता दें कि केंद्र ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 को पिछले महीने अधिसूचित किया था, जिसके बाद इसे 5 अप्रैल को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिल गई थी। इस विधेयक को लोकसभा ने 288 सदस्यों के समर्थन से पारित किया, जबकि 232 सांसद इसके खिलाफ थे। राज्यसभा में इसके पक्ष में 128 और विपक्ष में 95 सदस्यों ने मतदान किया।

### ऑपरेशन सिंदूर छोटा युद्ध... मल्लिकार्जुन खड़गे का केंद्र पर बड़ा आरोप, मोदी सरकार ने पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई

पहलगाम आतंकी हमले पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए खड़गे ने कहा कि आपने पर्यटकों से वहां (पहलगाम) न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर आपने उन्हें बताया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी और यह छोटा सा युद्ध.... ।

कांग्रेस द्वारा भाजपा नीत सरकार पर बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक लाभ के लिए सैन्य अभियान का इस्तेमाल करने का आरोप लगाने के एक दिन बाद उनकी यह टिप्पणी आई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आईआरसीटीसी ई-टिकट की एक तस्वीर साझा की। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को दावा किया कि सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत के समय ही पाकिस्तान को इस बारे में सूचित किया, जो एक अपराध है।

भारतीय जनता पार्टी ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए जयशंकर के बयान को गलत तरीके से पेश करने का आरोप लगाया और और कहा कि वह सतही एवं भ्रामक विमर्श के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के एक बयान का एक वीडियो ह्यएक्सह्न पर पोस्ट किया और दावा किया कि सरकार ने यह स्वीकार किया कि उसने हवाई हमले की शुरूआत में ही पाकिस्तान को सूचित कर दिया था।

### विदेश सचिव मिस्री ने की सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की ब्रीफिंग, अभिषेक बनर्जी भी हुए शामिल

चौथा समूह जाएगा यूएई और कांगो- सांसदों का चौथा समूह शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में संयुक्त अरब अमीरात, लाइबेरिया, कांगो गणराज्य, सिएरा लियोन जाएगा। इसमें समूह में भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, आईयूएमएल के सांसद ईटी मोहम्मद बशीर, भाजपा सांसद अतुल गर्ग, बीजद सांसद सस्मित पात्रा, भाजपा सांसद मनन मिश्रा और पूर्व सांसद एसएस अहलूवालिया शामिल हैं। इस समूह में राजनयिक सुजन चिनॉय भी होंगे।

शशि थरूर के नेतृत्व में अमेरिका, पनामा, ब्राजील जाएंगे सांसद-कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सांसदों का एक दल अमेरिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया जाएगा। इसमें लोजपा सांसद शाम्भवी, जेएमएम सांसद डॉ. सरफराज अहमद, टीडीपी सांसद जीएम हरीश बालयोगी, भाजपा सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, भुवनेश्वर कालिता, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा, भाजपा सांसद तेजस्वी सूर्या शामिल होंगे। इस समूह में राजनयिक तरनजीत सिंह संधू होंगे।

कनिमोझी करेंगी छठवें ग्रुप का नेतृत्व- सांसदों का छठवां ग्रुप डीएमके सांसद के कनिमोझी के नेतृत्व में स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया, लातविया और रूस जाएगा। इस समूह में सपा सांसद राजीव राय, एनसी सांसद मियां अल्ताफ अहमद, भाजपा सांसद कैप्टन ब्रजेश चौटा, आरजेडी सांसद प्रेमचंद्र गुप्ता, आप सांसद अशोक कुमार मित्तल का नाम शामिल है। इस ग्रुप में राजनयिक मंजीव एस पुरी और जावेद अशरफ होंगे।

सातवां ग्रुप जाएगा मिस्र और कतर- सांसदों का सातवां ग्रुप एनसीपी शरद की सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में मिस्र, कतर, इथियोपिया, दक्षिण अफ्रीका जाएगा। इस ग्रुप में भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूड़ी, आप सांसद विक्रमजीत सिंह, कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर, टीडीपी सांसद लवू श्रीकृष्णा देवारायालू, आनंद शर्मा, वी मुरलीधरन होंगे। इस समूह में राजनयिक सैयद अकबरुद्दीन भी शामिल होंगे।

बैठक के बाद क्या बोले सांसद- विदेश सचिव की ब्रीफिंग के बाद सपा सांसद राजीव राय ने कहा कि पहलगाम से लेकर संघर्ष विराम तक क्या-क्या हुआ और पाकिस्तान किस तरह से इसमें शामिल था, हम क्या उम्मीद करते हैं, इन सभी पर चर्चा हुई। हमें पाकिस्तान को बेनकाब करना है और सबको यह एहसास कराना है कि भारत कभी भी पाकिस्तान, उनकी सेना या उनके लोगों के खिलाफ नहीं था। हमने आतंकवादी शिविरों पर हमला किया। हम राष्ट्र के प्रतिनिधि के रूप में जा रहे हैं। अगर राष्ट्र रहेगा, तभी पार्टी और राजनीति रहेगी।

वहीं भाजपा नेता एसएस अहलूवालिया ने कहा कि अलग-अलग बातें फैलाई जा रही हैं। पाकिस्तान दुनिया भर में झूठ फैला रहा है। यह एक राष्ट्र और सभी दलों के प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे दूसरे देशों में जाएं और वहां के विधायकों/व्यापार समुदाय/बुद्धिजीवियों से मिलें और उन्हें बताएं कि वास्तव में वहां क्या हुआ था। भारत का हमेशा से यह रुख रहा है कि यह लड़ाई आम नागरिकों के खिलाफ नहीं है। हमारी लड़ाई आतंकवाद के खिलाफ है।

शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने कहा कि कल हमारा समूह यूएई और पश्चिम अफ्रीका के लिए रवाना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सभी सात प्रतिनिधिमंडल अपने देश का पक्ष रखने के लिए अलग-अलग देशों के लिए रवाना हो रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने सभी समूहों को देशवार ब्रीफिंग की और भारत पर पिछले आतंकवादी हमलों के बारे में जानकारी दी। यह ब्रीफिंग हमारी यात्राओं के लिए उपयोगी साबित होगी। हम अन्य देशों को इस बारे में जागरूक करेंगे कि भारत पिछले कई सालों से पाकिस्तान और आतंकवाद के हाथों क्या झेल रहा है। विदेश मंत्रालय हर समूह को डोजियर मुहैया कराएगा।

कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि किसी ने भारत और पाकिस्तान के बीच कोई हस्तक्षेप नहीं किया, कोई मध्यस्थता नहीं हुई। लेकिन जब दुनिया में ऐसी चीजें होती हैं तो अलग-अलग लोग संदेश भेजने की कोशिश करते हैं। लेकिन जो कुछ भी हुआ है, वह केवल दो देशों के बीच हुआ है इसकी शुरूआत पाकिस्तान के ऊ्रूट्ट ने की, उन्होंने कहा कि हमें इसे खत्म करना चाहिए। देश के अंदर राजनीति हमारा अधिकार है, हमारा कर्तव्य है। यह अलग है। लेकिन देश के बाहर, हमें जो कहना है, वह अलग है।

आप सांसद डॉ. अशोक कुमार मित्तल ने कहा कि हमारा ग्रुप छह रूस, स्पेन, ग्रीस, स्लोवेनिया और एक पांचवें देश में जाएगा। ब्रीफिंग का मूल विचार यह जानना था कि हमें वहां क्या करना है या क्या नहीं करना है, हमें किससे मिलना है, हमें क्या सावधानियां बरतनी हैं और हमें भारत का पक्ष किस तरह प्रभावशाली ढंग से पेश करना है। विदेश सचिव ने हमें विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हमारे सवालों के जवाब दिए। ताकि जब हम बाहर जाएं तो भारत का पक्ष प्रभावशाली ढंग से पेश कर सकें। डोजियर का विवरण तैयार किया जा रहा है, यह हमें प्रदान किया जाएगा। जब हम भारत से बाहर होते हैं तो हम एकजुट होते हैं। जब देश की सुरक्षा की बात आती है, तो हम एकजुट होते हैं। जब देश के सम्मान की बात आती है, तो हम एकजुट होते हैं। इस बारे में कभी कोई संदेह नहीं था।

### दानिश के साथ ऑपरेशन सिंदूर की चैट किए डिलीट, फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया फोन-लैपटॉप

सूत्रों के अनुसार, ज्योति मल्होत्रा ने ऑपरेशन सिंदूर से संबंधित चैट लॉग डिलीट कर दिए और अपने मोबाइल डिवाइस से अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य हटा दिए। उसने दानिश के साथ दो प्रमुख घटनाओं के दौरान ये चैट डिलीट कर दीः ऑपरेशन सिंदूर के बारे में चर्चा और हिसार में उसके गृहनगर में हुई ब्लैकआउट। चैट में ज्योति ने ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विवरण साझा किया और दानिश को हिसार में ब्लैकआउट के समय के बारे में जानकारी दी, साथ ही ब्लैकआउट के दौरान प्रशासनिक गतिविधियों, जिसमें सायरन और अधिकारियों के आधिकारिक संदेश शामिल हैं, के बारे में भी बताया।

सूत्रों ने कहा कि उसके डिवाइस की डिजिटल सफाई सबूतों को नष्ट करने और अधिकारियों को गुमराह करने का एक जानबूझकर किया गया प्रयास प्रतीत होता है। नतीजतन, मल्होत्रा के दो मोबाइल फोन और लैपटॉप को हटाए गए डेटा को पुनर्प्राप्त करने के लिए फोरेंसिक विश्लेषण के लिए भेजा गया है। सूत्रों के अनुसार, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, मल्होत्रा की गिरफ्तारी से एक बड़े आईएसआई नेटवर्क से जुड़ी गहरी साजिश का पता चल रहा है, जो एक परिष्कृत जासूसी अभियान चलाने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहा था। कथित तौर पर इस मॉड्यूल में व्यापक रणनीति के तहत सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोग और स्वतंत्र कार्यकर्ता शामिल थे। खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के अलावा, उनका काम पाकिस्तान के बारे में भ्रामक कहानी गढ़ना था।

### बुनियादी ढांचा क्षेत्र का उत्पादन अप्रैल में महज 0.5% बढ़ा, मार्च से आई इतनी गिरावट

मार्च 2025 में कोर सेक्टर की वृद्धि दर 4.6% थी।

वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय की ओर से मंगलवार को भारत के बुनियादी ढांचे के उत्पादन से जुड़े आंकड़े जारी किए। इन आंकड़ों में आठ क्षेत्रों की गतिविधियों को किया जाता है, जो देश के औद्योगिक उत्पादन का 40% है।

आठ कोर उद्योगों के सूचकांक के तहत कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र के उत्पादन का आकलन किया जाता है।

### जिला कलेक्ट्रेटों को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप

और तत्काल कलेक्ट्रेट भवन को खाली करवा कर पूरे परिसर को सील कर दिया गया। बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वॉड को मौके पर बुलाया गया। साथ ही आसपास के क्षेत्र की भी घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि किसी संदिग्ध वस्तु के मिलने की पुष्टि नहीं हुई है। धमकी की वजह से आज आयोजित होने वाली महत्वपूर्ण प्रशासनिक बैठक, जो कि प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांशु पंत की अध्यक्षता में होनी थी, अब रिजर्व पुलिस लाइन में स्थानांतरित कर दी गई है।

### एटीएस के रडार पर 21 संदिग्ध, इनमें चार महिलाएं भी शामिल, शहजाद की गिरफ्तार के बाद खुलासा

**जासूस शहजाद को अदालत ने भेजा जेल**

मुरादाबाद से गिरफ्तार किए गए आईएसआई के जासूस शहजाद को अदालत ने 31 मई तक की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। एटीएस उसे जल्द रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। उसके पास से बरामद मोबाइल को एटीएस ने फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। बता दें कि एटीएस ने रविवार को रामपुर निवासी शहजाद को पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह तस्करी की आड़ में कई बार पाकिस्तान आता-जाता रहा है। वहां कई आईएसआई के एजेंट्स से संपर्क होने पर वह जासूसी करने के साथ बाकी एजेंट्स को रकम भेजने का भी काम करने लगा। खुफिया एजेंसियां उसकी गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुई थीं, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया। शहजाद के परिवार से पुलिस व खुफिया एजेंसी ने की पूछताछ- आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में यूपी एटीएस ने टांडा निवासी शहजाद को गिरफ्तार किया है। मसालों के व्यापार की आड़ में वह सीमा पार तस्करी और जासूसी गतिविधियों में शामिल था। अब इस गिरफ्तारी के बाद टांडा पुलिस और खुफिया एजेंसियां उसके परिवार से लगातार पूछताछ कर रही हैं।

जानकारी के मुताबिक, शहजाद कई बार पाकिस्तान गया था और वहां आईएसआई एजेंटों से संपर्क में आया। वह भारतीय सैन्य व सुरक्षा प्रतिष्ठानों से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां पाकिस्तान भेजता था। एटीएस की कार्रवाई के बाद शहजाद के कॉल डिटेल्स, पासपोर्ट व वीजा संबंधी दस्तावेजों की जांच की जा रही है।

# गाजियाबाद से दिल्ली के लिए रवाना हुई अमर ज्योति पदयात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। मेरठ से चलकर अमर ज्योति पदयात्रा कल रात राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद पर पहुंची। कांग्रेस सेवा दल अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में रात्रि विश्राम के बाद 20 मार्च 2025 को सुबह 7 बजे उन्हें राजीव गांधी अमर ज्योति पदयात्रा प्रारंभ की। गाजियाबाद राज नगर एक्सटेंशन पर कांग्रेस सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने सभी पद यात्रियों का माला पहनाकर स्वागत किया। स्वागत के बाद पुनः पदयात्रा राज नगर एक्सटेंशन गाजियाबाद से दिल्ली के लिए रवाना हुई। विनोद सोनकर ने बताया की हिंडन नदी के पास इंदिरा गांधी प्रियदर्शनी पार्क में सुबह 9.00 बजे पहुंचे उसके बाद पार्क में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। सभी सेवा दल के कार्यकताओं द्वारा माल्यार्पण करने के बाद स्वर्गीय राजीव गांधी अमर ज्योति पदयात्रा लेकर दिल्ली के लिए पुनः प्रस्थान किया। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे विनोद सोनकर ने बताया की राजीव गांधी का बलिदान देश के लिए सबसे बड़ी क्षती है। क्योंकि वह कंप्यूटर क्रांति के जनक थे। सेवा, समर्पण और संकल्प कि यह यात्रा सदा स्मरणीय रहेगी। स्वर्गीय राजीव गांधी अमर ज्योति पदयात्रा में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर, नेम राणा, अनिल प्रेमी ,पवन थापा ,अजहर भारती ,सरताज चौधरी, राहत अली ,मुस्तकीम ,पूर्व पार्षद सुशील सैनी ,पार्षद इकराम चौधरी ,चौधरी महरुद्दीन जगदीश माथुर , अत्ताउल्लाह ,फुरकान अंसारी, प्रवीण कुमार, सुकरामपाल यादव, आरिफ राजपूत, सुरेश दौसा आदि शामिल है।



# मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मेरठ। नोबल पब्लिक स्कूल गढ़ रोड कैंपस में आज मेधावी दिवस 2025 आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा दस और बारह के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ मनोज त्यागी ने सत्र 2025 के सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में टॉपर्स को मेडल और ट्रॉफी द्वारा पुरस्कृत किया। विद्यालय के सचिव अनिल कुमार, एमडी अमित कुमार ने सभी मेधावी छात्रों को अपनी शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। छात्रों ने स्कूल के अपने अनुभवों को सबके साथ शेयर किया तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों को सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सभी टॉपर्स के माता-पिता को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित करके अभिवादन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका विभूति आत्रेय और प्रतिमा सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सविता शर्मा,नीता राघव,अंशु शर्मा एवं सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।

# गुरु रविदास जी महाराज छात्रावास ने मनाया हीरक जयंती वर्ष, सांसद चंद्रशेखर आजाद हुए मुख्य आकर्षण

## 75 वर्षों की प्रेरणादायक यात्रा को समर्पित एक ऐतिहासिक समारोह

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बड़ौत/बागपत- बड़ौत स्थित गुरु रविदास जी महाराज छात्रावास ने अपनी 75वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर हीरक जयंती समारोह का भव्य आयोजन कर इतिहास रच दिया। छात्रावास के प्रांगण में आयोजित इस स्मरणीय समारोह में देशभर से सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी, छात्र, पूर्व छात्र और विशिष्ट जनप्रतिनिधि एकत्र हुए। इस आयोजन के मुख्य अतिथि थे – नगीना लोकसभा से सांसद एवं आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद, जिनका छात्रावास परिवार ने सम्मान और उत्साह के साथ स्वागत किया।

समारोह की प्रमुख झलकियाँ- अध्यक्षीय नेतृत्व में सजी सादगीपूर्ण गरिमा- समारोह की अध्यक्षता छात्रावास अध्यक्ष नंदलाल ने की, जिन्होंने संस्थान की गौरवशाली विरासत को याद करते हुए कहाः यह छात्रावास केवल भवन नहीं, बल्कि हमारे समाज की चेतना और संघर्ष का प्रतीक है।

मांगेराम लोहारी, एक वरिष्ठ समाजसेवी और छात्रावास के पूर्व संरक्षक, ने भावुक होकर कहाः

हमने यहां सिर्फ शिक्षा नहीं पाई, बल्कि स्वाभिमान और अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की ताकत भी सीखी।

चंद्रशेखर आजाद का ओजस्वी उद्बोधन-मुख्य अतिथि एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद ने अपने प्रेरणादायक भाषण में कहाः गुरु रविदास जी के विचार मन चंगा तो कठौती में गंगा आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। यह छात्रावास उनके विचारों का जीवंत स्वरूप है।

उन्होंने सामाजिक न्याय, समान शिक्षा और दलित-बहुजन युवाओं के लिए समान अवसरों पर बल देते हुए घोषणा कीः मैं संसद से लेकर सड़क तक इस छात्रावास की समस्याओं और आवश्यकताओं को उठाऊंगा। सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ इस दौरान पूर्व छात्रों को समाज में उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत गुरु रविदास जी के जीवन पर आधारित नृत्य-नाटिका ने उपस्थित जनसमूह को भावुक कर दिया। नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी तोमर का समर्थन आश्वासन बड़ौत के नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी तोमर ने कहाः ऐसे संस्थानों को नगर स्तर से हर संभव सहयोग दिया जाएगा, जिससे यहां से निकली प्रतिभाएं देश को दिशा दें।

डॉ. सत्येंद्र कुमार का वैचारिक प्रकाशन रविदास महासभा के मीडिया प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार ने अपने संबोधन में गुरु रविदास और बाबा साहेब अंबेडकर के विचारों की गूंज सुनाईः

जब तक हर बच्चा शिक्षित नहीं होगा, तब तक सामाजिक परिवर्तन अधूरा रहेगा। छात्रावास ऐसी ही क्रांति की नींव है।

भविष्य की योजनाएँ और प्रेरणा=छात्रावास को आने वाले वर्षों में डिजिटल क्लासरूम, स्कॉलरशिप सेल और कोचिंग सुविधा से सुसज्जित करने की योजना सामने रखी गई।

सभी वक्ताओं ने इस दिशा में समूहिक प्रयास और स्थानीय प्रशासन से समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। धन्यवाद और समापन-समारोह का समापन भावुकता और आत्मगौरव के साथ हुआ। छात्रावास परिवार ने दूर-दराज से आए सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और मेहमानों का आभार जताया। 75 वर्षों की यह यात्रा न केवल अतीत की गवाही है, बल्कि भविष्य की चुनौती भी है।



# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज से निकाली गई तिरंगा रैली



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

बागपत। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत द्वारा तिरंगा रैली का आयोजन किया गया।

तिरंगा रैली उन वीर शहीदों की याद में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए समस्त विद्यालय परिवार व छात्राओं द्वारा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य स्वयं को मानसिक रूप से सीमा पर तैनात वीर जवानों के साथ स्वयं को जोड़ना है कि कम से कम हम शारीरिक रूप से नहीं लेकिन मानसिक रूप से ही जोश के साथ कार्यक्रम करके उनके साथ दे रहे हैं और उनका मनोबल बढ़ा रहे हैं। तिरंगा रैली में को विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉक्टर प्रीति शर्मा तथा अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। तिरंगा रैली में विद्यालय के शिक्षक हुकम सिंह, शिक्षिकाएं इंदु ,कविता, कृष्णा कुमारी ,पूनम ,आरती, छवि श्रीवास्तव आदि ने प्रतिभाग किया।

# लू और तपिश के बीच मौसम ने लिया यू-टर्न, 46 जिलों में बारिश और वज्रपात की चेतावनी; चलेगी तेज हवा

लखनऊ। यूपी में मौसम ने एक बार फिर से यू-टर्न लिया है। गर्मी और तपिश के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश और बिजली गिरने का अलर्ट जारी किया है।

उत्तर प्रदेश में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी है। पूर्वी और तराई इलाकों में जहां तेज हवाओं और गरज-चमक संग बूंदाबांदी देखने को मिल रही है, वहीं बुंदेलखंड के बांदा, झांसी के अलावा प्रयागराज आदि दक्षिणी इलाकों में लोगों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग ने बुधवार को पूर्वी-तराई और दिल्ली एनसीआर समेत लगभग 46 जिलों में कहीं कहीं तेज रफ्तार हवाएं चलने, छिटपुट बूंदाबांदी और वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। हवाओं की रफ्तार 40 से 50 किमी प्रति घंटे तक जा सकती है। हालांकि बुंदेलखंड और दक्षिणी इलाकों में फिलहाल इस मौसमी बदलाव का कुछ खास असर नहीं पड़ने वाला। मंगलवार को प्रदेश के बस्ती, अयोध्या, महाराजगंज, कुशीनगर जैसे कुछ इलाकों में दिन में घने बादल छा गए और तेज हवाओं संग बूंदाबांदी हुई।

### झांसी रहा सबसे गर्म जिला

झांसी में दोपहर बाद 44.6 डिग्री, आगरा में 42.4 डिग्री और प्रयागराज 41.2 डिग्री तापमान रहा। बांदा प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा और मंगलवार को यहां लू जैसी परिस्थितियां रहीं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि अरब सागर में बनने वाले एक सिस्टम और पश्चिमी विक्षोभ के असर से 22 से 25 मई के बीच पश्चिम से पूरब तक गरज चमक और बूंदाबांदी देखने को मिलेगी। इससे ज्यादातर जगहों पर तापमान सामान्य या इससे नीचे आने की संभावना है।

## यूपीः प्राइमरी के बाद अब माध्यमिक स्कूलों में गर्मी की छुट्टी,

# शिक्षामित्रों के बहिष्कार के बीच समर कैंप आज से

लखनऊ । यूपी में प्राइमरी और माध्यमिक स्कूलों के अवकाश शुरू हो गए हैं। 21 मई से प्रदेश के राजकीय और प्राथमिक स्कूलों में समर कैंप होने हैं।

प्रदेश के परिषदीय उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों में कल 21 मई से समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। विभाग की ओर से इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। इसके लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी भी कर दिए गए हैं। किंतु शिक्षामित्रों ने सिर्फ उनकी ही ड्यूटी लगाए जाने का विरोध करते हुए इसके बहिष्कार की चेतावनी दी है।

विभाग की ओर से 21 मई से 10 जून तक समर कैंप का आयोजन किया जाना है। इसके लिए जारी निर्देश में सुबह 7 से 10 बजे तक कैंप का आयोजन करने को कहा गया है। इसमें शिक्षामित्र व अनुदेशकों की ड्यूटी लगाई गई है जबकि नियमित शिक्षक स्वेच्छा से इसमें शामिल हो सकते हैं। समर कैंप के लिए बच्चों के अभिभावकों से सहमति ली जाएगी। इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

राज्य परियोजना निदेशक कंचन वर्मा की ओर से सभी बीएसए को भेजे आदेश में कहा गया है कि समर कैंप में बच्चों में सामाजिक, सांस्कृतिक मूल्यों की समय विकसित करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बच्चों को कुछ नया करके सीखने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कक्षा छह से आठ के बच्चों के लिए ही कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें तैनात शिक्षामित्र व अनुदेशकों को निर्धारित मानदेय दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी कहा है कि समर कैंप के दौरान बच्चों को गर्मी से बचाने के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाएगा। समर कैंप में योगदान देने वाले अनुदेशकों, शिक्षामित्रों व शिक्षकों को बीएसए प्रशस्ति पत्र भी देंगे। विभागीय अधिकारी समर कैंप के आयोजन व व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण भी करेंगे।

वहीं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर कहा है कि शिक्षामित्रों को साल में एक बार ही छुट्टी मिलती है। वहीं भीषण गर्मी को देखते हुए जुलाई में समर कैंप का आयोजन किया जाए। जिन विद्यालयों में कैंप होना है, वहां की व्यवस्था के लिए प्रधानाध्यापक का होना सुनिश्चित किया जाए। शिक्षामित्रों की ड्यूटी अनिवार्य न करके स्वैच्छिक की जाए। ऐसा न करने पर वे कैंप का बहिष्कार करेंगे।

वहीं उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने गर्मी में समर कैंप के आयोजन को अव्यवहारिक आदेश बताया है। इसके लिए सिर्फ अनुदेशक व शिक्षामित्र को लगाया जाना सही नहीं है। इसको स्थगित किया जाए।

**दंपती शिक्षकों ने मांगा एक जिले में तबादला..**

बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित परिषदीय स्कूलों में तैनात दंपती शिक्षकों ने एक जिले में तबादले की मांग को लेकर निदेशालय के शिविर कार्यालय पर धरना दिया। धरने पर अलग अलग जनपदों से आए करीब 300 शिक्षकों ने कहा कि पति और पत्नी के अलग-अलग जिलों में होने की वजह से बच्चों और बुजर्ग माता पिता की देखभाल नहीं हो पा रही है। शिक्षकों की समस्या को देखते हुए स्कूल शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने शिक्षकों से वार्ता की और आश्वासन दिया है कि 10 दिन में तबादले का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। इसके बाद शिक्षकों ने दोपहर करीब दो बजे धरना खत्म कर दिया। शिक्षकों ने कहा कि 10 दिन में तबादला पॉलिसी नहीं आयी तो दोबारा अनिश्चित कालीन धरने के लिये बाध्य होंगे।

**10 वर्षो से तबादले का इंतजार**

शिक्षक रीना वर्मा ने कहा का कहना है कि प्रदेश भर के करीब 300 दंपती शिक्षक अलग-अलग जिलों में 10 वर्ष से अधिक समय से स्कूलों में पढ़ा रहे हैं। अलग-अगल जिलों में होने की वजह से छोटे बच्चे और बुजुर्ग व बीमार माता पिता की देखभाल नहीं कर पा रहे हैं। नितिन शर्मा ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से दो स्थानांतरण नीतियों में पति पत्नी सरकारी सेवा में होने पर भारांक कि व्यवस्था की गई, लेकिन शिक्षकों को इसका लाभ नहीं मिल सका।



# स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ट्रायल्स सम्पन्न

## स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में ट्रायल्स सम्पन्न

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बरेली। स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में डिस्ट्रिक्ट स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन बरेली द्वारा अंडर-12, अंडर-14, अंडर-16 व अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ियों के चयन हेतु ट्रायल्स का आयोजन निशात पटेल स्पोर्ट्स हब (जी पी क्रिकेट एकेडमी)के खेल मैदान पर संपन्न हुआ।

इस टायल में कुल 201 खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने क्रिकेट कौशल का प्रदर्शन किया।

मुख्य चयनकर्ता के रूप में माजिद हसन खान एवं शिव कुमार राठी ने खिलाड़ियों का परीक्षण किया तथा विभिन्न आयु वर्गों के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं का चयन किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन बरेली के अध्यक्ष डॉ. शशांक मिश्रा, स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के सचिव श्री अखिल दीक्षित, डिस्ट्रिक्ट स्कूल क्रिकेट एसोसिएशन बरेली के सचिव श्री विपिन कुमार तथा सह-सचिव श्री नितेश भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस आयोजन का उद्देश्य जिले की प्रतिभाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। चयनित खिलाड़ियों को आगामी टूनामेंट्स में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

# प्रदेश के सभी जू और लायन सफारी एक सप्ताह के लिए और रहेंगे बंद, बर्ड फ्लू के मद्देनजर हुआ फैसला

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

लखनऊ। यूपी के सभी जू और लायन सफारी 27 मई तक और बंद रहेंगे। बर्ड फ्लू को देखते हुए आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश की प्रमुख मुख्य वन संरक्षक, वन्यजीव अनुराधा वेमुरी ने बताया कि प्रदेश के सभी चिड़ियाघर और इटावा का लायन सफारी एक सप्ताह के लिए, और बंद कर दिए गए हैं। बर्ड फ्लू के मद्देनजर पिछले सप्ताह लखनऊ, कानपुर और गोरखपुर का जू और लायन सफारी को बंद कर दिया गया था। वेमुरी ने बताया कि बर्ड फ्लू को देखते हुए आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन किया जा रहा है। स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। नए आदेश के बाद से सभी जू 27 मई तक कम से कम बंद रहेंगे। आगे का फैसला उस समय समीक्षा करने के बाद होगा।

अब 27 मई तक बंद रहेगा चिड़ियाघर- राजधानी स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान अब 27 मई तक बंद रहेगा। आपको बता दें कि गोरखपुर स्थित शहीद अशफाक उल्ला खां प्राणि उद्यान में एवियन इंफ्लुएंजा-बर्ड फ्लू से एक बाघिन की मौत के बाद एहतियात के तौर पर सात दिनों के लिए बंद किया गया था। कानपुर प्राणि उद्यान में भी बर्ड फ्लू की पुष्टि हुई है जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है।

निदेशक अदिति शर्मा ने बताया कि फिलहाल लखनऊ चिड़ियाघर में बर्ड फ्लू का कोई केस नहीं है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्य जीव के आदेश पर लखनऊ चिड़ियाघर को अगले सात दिनों के लिए दर्शकों के लिए बंद रखा जाएगा। इस दौरान केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के दिशा निर्देशों के मुताबिक नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, लखनऊ के सभी वन्य जीवों की सघन मॉनीटरिंग की जायेगी।



## संपादकीय

# पुलिस व खुफिया एजेंसियां बढ़ाएं चौकसी

भारत-पाकिस्तान संघर्ष के बीच कुछ देश विरोधी तत्वों का पदार्फाश होना चौंकाता है कि कैसे कुछ लोग पैसे व शानोशौकत के लालच में देश की सुरक्षा व लोगों का जीवन भी दांव पर लगा देते हैं। देश के भीतर ये दुश्मन बेहद घातक हैं। पाकिस्तानी जासूसी एजेंसी आईएसआई से ताल्लुक रखने पर पिछले दिनों हरियाणा, पंजाब व यूपी के कुछ लोगों की गिरफ्तारी ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। ये एक गंभीर चुनौती है और हमारी कानून प्रवर्तन एजेंसियों और खुफिया संस्थाओं को अब इस चुनौती को गंभीरता से लेना होगा। ये तत्व न केवल जासूसी में लिप्त थे बल्कि भारत विरोधी प्रचार का भी हिस्सा थे। जो देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ ही सांप्रदायिक सद्भाव को भी खतरे में डाल सकते हैं। यह कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि हरियाणा की रहने वाली सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति कथित तौर पर हाल के ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के एक कर्मचारी के संपर्क में थी, जिसे हाल ही में भारत विरोधी गतिविधियों के लिये देश से निकाला गया। इस मामले में चल रही जांच से पता चला है कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले से पहले ज्योति कश्मीर गई और उससे पहले पाकिस्तान गई थी। उस पर पाक के खुफिया अधिकारियों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप हैं। यूपी के रहने वाले शहजाद और नौमान इलाही पर भी इसी तरह के आरोप हैं। पंजाब में मालेरकोटला के दो लोगों को भी जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया। जांच एजेंसियों को पता लगाना होगा कि क्या इन आरोपियों की सैन्य या रक्षा अभियानों से संबंधित जानकारी तक सीधी पहुंच थी या वे इसे उच्च पदस्थ स्त्रोतों से प्राप्त कर रहे थे? रिपोर्टों के अनुसार, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियां ज्योति को एक खुफिया एजेंट के रूप में तैयार कर रही थीं। वह सीमा पार से चलाए जा रहे नेटवर्क का हिस्सा थी। उम्मीद है कि पूछताछ में ऐसे सबूत मिल सकते हैं जो भारत के खिलाफ बड़ी साजिशों का खुलासा कर सके।

निस्संदेह, भारत विरोधी शक्तियों के हाथ में खेलकर देश को मुश्किल में डालने का यह कृत्य परेशान करने वाला है। बहुत संभव है कि जासूसी कांड में लिप्त ये भारतीय बड़े आर्थिक प्रलोभनों के लालच में पाक एजेंटों के जाल में फंसे हों। निस्संदेह, इन लोगों की परवरिश में कहीं चूक रही है जो इन्हें यह बोध नहीं करा सकी कि चंद पैसों व सुविधाओं के लालच में देश के साथ गद्दारी नहीं करनी चाहिए। निश्चय ही यह खुलासा राष्ट्रघाती खेल का छोटा हिस्सा है, आने वाले समय में और बड़ी मछलियां इस दलदल में पकड़ी जा सकेंगी। आने वाले वक्त में कई ऐसे जासूसों का खुलासा हो सकता है, जो आतंकवादियों को भारत की धरती पर हमला करने का इनपुट दे रहे हों। केंद्र व राज्य सरकारों, मीडिया और जनता को मिलकर ऐसे तत्वों को बेनकाब करने में मदद करनी चाहिए ताकि देश मे छुपी इन काली भेड़ों को बाहर किया जा सके। एक छलकपट वाले सूचना युद्ध के माध्यम से देश को नुकसान पहुंचाने की आईएसआई की साजिश को सख्ती से नाकाम किया जाए। विडंबना है कि पाकिस्तान भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का गलत फायदा उठा रहा है। वह सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर ज्योति का इस्तेमाल न केवल जासूसी के लिये कर रहा था बल्कि भारत के खिलाफ प्रचार तथा पाक की छवि को सुधारने के लिये भी कर रहा था। ज्योति पर आरोप है कि वह सोशल मीडिया के जरिये पाक की उजली छवि गढ़ रही थी। आरोप ये भी किं उसकी एक पाक खुफिया अधिकारी से अंतरंगता रही है, जिसके साथ वह बाली घूमने भी गई थी। पाक दूतावास की एक पार्टी के वीडियो में भी वह नजर आई है। दरअसल, सूचना क्रांति के इस दौर में विदेशी खुफिया एजेंसियां टेलीग्राम, स्नैपचैट व व्हाटसएप आदि के जरिये भारतीय मददगारों से संपर्क साध रही हैं, जिस पर हमारी प्रवर्तन एजेंसियां आसानी से नजर नहीं रख सकती। पुलिस को आधुनिक उपकरणों के साथ इस बाबत कुशल प्रशिक्षण देना चाहिए। बहरहाल, देश विरोधी तत्वों की निगरानी तेज करना वक्त की जरूरत है।

# मैं बागपत हूँ - खंड 9: मलकपुर - मिट्टी में महाभारत, सीने में सिंहों का साहस

**प्रकाशन: नेशनल प्रेस टाइम्स**

**लेखक: सुरेंद्र मलानिया, संवाददाता - बागपत से**

लेखक के दो शब्द

-मैं बागपत हूँ- की यह श्रृंखला मेरे लिए केवल लेखन नहीं, बल्कि आत्मा की यात्रा रही है। हर खंड में मैंने बागपत की मिट्टी, उसके लोगों, उसकी संस्कृति और उसकी वीरता को महसूस किया है। यह श्रृंखला बागपत की जनता को समर्पित है - किसानों, वीरों, बेटियों, शहीदों और संस्कारों को - जिन्होंने मेरे लेखन को कलेजा दिया।

खंड 1 से 8 का संक्षिप्त पुनः स्मरण

खंड 1 - बरनावा: महाभारत की यादों से जुड़ा वह स्थान जहाँ दुर्योधन की माया सभा स्थापित थी। वर्तमान में भी वह ऐतिहासिक गौरव एक तीर्थ स्थल के रूप में जीवित है।

खंड 2 - सिनौली: पुरातत्व की अद्भुत खोजों से भरा एक गांव, जिसने 4000 साल पुरानी युद्ध रथ, ताम्र युगीन सभ्यता और स्त्री योद्धाओं के प्रमाण देकर इतिहास की किताबों को झकझोर दिया।

खंड 3 - अमीननगर सराय: मुगल कालीन व्यापार और संस्कृति का संगम, जहाँ सरायें केवल मुसाफिरों की नहीं, विचारों की भी विश्रामस्थली थीं।

खंड 4 - माया त्यागी कांड: एक स्त्री के साहस और अन्याय के विरुद्ध देशव्यापी जनआक्रोश की दास्तां। साथ ही ओमवीर शिकोहपुर और चौधरी चरण सिंह जैसे नायकों की संवेदनशील पहल भी उजागर की गई।

खंड 5 - चौधरी चरण सिंह और जनसंघर्ष: देश के किसान नेता, एक साधारण किसान से प्रधानमंत्री बनने तक की यात्रा और उनके बागपत से आत्मीय संबंधों की झलक।

खंड 6 - बसौद: 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शाहमल जाट की रणनीतिक भूमि। दिल्ली चलो अभियान, खूनी तालाब, रसद भंडार और फांसी के बरगद का भावनात्मक दस्तावेज।

खंड 7 - बड़का: शाहमल के मौन स्मारक। बिजरौल, बड़ौत और आसपास के गांवों में क्रांति की छाया, और जनता के मौन श्रद्धा-स्मरण का चित्रण।

खंड 8 - बागपत का जन्म: बागपत के ऐतिहासिक विकास, सांस्कृतिक धरोहर और सामाजिक संरचना की गहराई से पड़ताल।

मलकपुर - मिट्टी में महाभारत, सीने में सिंहों का साहस जब कोई पूछता है कि पहलवानी क्या होती है, तो मैं सिर उठाकर कहता हूँ - -चलो मलकपुर चलो!-

बागपत जिले का यह गांव कोई आम गांव नहीं, यह अखाड़ों की वह धरती है जहाँ बच्चे मां की गोद से निकलकर मिट्टी में पलवाने लगते हैं, और हर नौजवान के सपनों में कोई न कोई ह्यभारत केसरीह्न पलता है।

यह गांव महज नक्शे का एक बिंदु नहीं, यह अखाड़ों की आत्मा है। यहाँ की हवा में दही, देशभक्ति और दांव-पेंच की महक घुली है। सुबह होते ही जब सूरज की पहली किरण मलकपुर की मिट्टी को चूमती है, तभी वहाँ के अखाड़ों में नंगे बदन, तेल में लिपटे, पसीने से चमकते नवयुवक आ-न करते हैं -

-कुश्ती हमारे लिए खेल नहीं, तपस्या है।- हर घर में है एक अखाड़ामलकपुर के बारे में




मशहूर है कि यहाँ के हर दूसरे घर में कोई न कोई पहलवान है - या तो वर्तमान का या भूतपूर्व, या बनने की जिद लिए कोई बच्चा। मिट्टी से रिश्ते की ऐसी इबादत कहीं और नहीं मिलती। खेतों के बीच लहलहाते पगडंडियों पर जो पग चल रहे हैं, वे किसी एक दिन देश के तिरंगे के नीचे पदक पहनकर खड़े होने का सपना लिए चल रहे हैं।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चमकते सितारे

मलकपुर ने न केवल ज़िले या राज्य को गौरवान्वित किया, बल्कि भारत का नाम भी विश्व मंचों पर रोशन किया है। यहाँ के कुछ प्रमुख पहलवानों के नाम और उनकी उपलब्धियाँ:

1. संदीप मलिक (74 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग): भारतीय टीम का हिस्सा रहे, कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया, एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में पदक विजेता।

2. सत्यवान मलिक (96 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग): कई बार सीनियर नेशनल चैंपियन, भारत केसरी विजेता, और कॉमनवेल्थ गेम्स ट्रायल में अंतिम राउंड तक पहुंचे।

3. प्रमोद मलिक (60 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग): जूनियर एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक, वर्ल्ड ट्रायल तक का सफर तय किया।

4. प्रीतम मलिक (85 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग): आर्मी में चयन के बाद अंतरसेवा प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक विजेता।

5. दुष्यंत मलिक (57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग): युवा भारत केसरी, साई (रअक) सेंटर से प्रशिक्षित, राष्ट्रीय स्कूल खेलों में स्वर्ण पदक विजेता। इनके अलावा कई दर्जनों पहलवान ऐसे भी हैं जिन्होंने विश्वविद्यालय स्तर, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी, आर्मी गेम्स, रेलवे, और नेशनल गेम्स में भाग लेकर गाँव का नाम बार-बार रोशन किया है।

**सिर्फ पहलवानी नहीं, संस्कार भी है मलकपुर**

यहां की पहलवानी सिर्फ शरीर की ताकत नहीं, बल्कि आत्मा की साधना है। अखाड़ों में गुरुओं को प्रणाम करना, बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना, और हार-जीत से ऊपर अनुशासन रखना - यह सब मलकपुर की मिट्टी सिखाती है। यहाँ की कुश्ती में जितनी बाजुओं की ताकत है, उतना ही नम्रता का पसीना भी है।

पहलवानी के दो गौरव: सुभाष और शौकिंद्र

सुभाष पहलवान - सादगी में साधना, कुश्ती में क्रांति

सुभाष पहलवान मलकपुर के उन रत्नों में हैं, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर बागपत को गौरवान्वित किया। उनका सफर एक ऐसे युवक का है, जिसने नंगे पांव खेत की मेंड़ों से अखाड़े तक की दूरी तय की - और अपने गाँव को हर मंच पर कंधे पर उठाकर दिखाया।

शिक्षा के साथ संतुलन: सुभाष जी ने पहलवानी के साथ-साथ शिक्षा को महत्व दिया, युवाओं को प्रेरित किया कि -बुद्धि और बल दोनों में साधना होनी चाहिए।-

प्रशिक्षण कार्य: आज वे युवा पहलवानों को कोचिंग देते हैं, गाँव के अनेक युवाओं को आर्मी और पुलिस में चयनित कराने में उनकी प्रमुख भूमिका रही है।

सम्मान: जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता, और राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में भी अपनी दमदार उपस्थिति।

**शौकिंद्र पहलवान - मातृभूमि को समर्पित मूक योद्धा**

शौकिंद्र पहलवान की विशेषता है - -कम बोलना, ज्यादा दांव लगाना।- उनकी पहचान सिर्फ उनके दांव में नहीं, उनके व्यक्तित्व में है - विनम्र, दृढ़, और अनुशासित।

*राज्य स्तरीय दंगलों में अनेक पदक विजेता।*

गुरुजी के प्रिय शिष्य, जिन्होंने पहलवानी को केवल प्रदर्शन नहीं, नैतिकता का जरिया माना। सैनिक चयन और सामाजिक सेवा: शौकिंद्र पहलवान ने खेल के माध्यम से युवाओं को नौकरी तक पहुँचाया और कई गांवों में मुफ्त अभ्यास कैम्प लगाए

अंतिम पंक्तियाँ - यह यात्रा अभी बाकी है...बागपत की गाथा अनंत है। मैं बागपत हूँ - ख ंड 9: मलकपुर - मिट्टी में महाभारत, सीने में सिंहों का साहस- लेख के अंत में जोड़ा गया भावनात्मक समापन प्रस्तुत है:

लेख 10 के संदर्भ में दो शब्द - एक यात्रा, एक आभार

-मैं बागपत हूँ- की यह नौवीं कड़ी पूरी होते-होते एक एहसास और भी गहरा हो गया - कि जब कोई जमीन केवल जमीन नहीं रहती, वह इतिहास बन जाती है। लेख 10 इसी श्रृंखला की वह अगली सीढ़ी होगा, जहाँ हम बागपत की आत्मा के और करीब जाएंगे।

लेकिन इस मुकाम तक पहुँचना संभव नहीं होता अगर नेशनल प्रेस टाइम्स न होता, जिसने न केवल इस विचार को आकार दिया, बल्कि उसे जन-जन तक पहुँचाया। यह मंच मेरे लिए सिर्फ एक प्रकाशन नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह है जिसने मुझे हर कदम पर सहारा दिया। और मेरे प्रिय पाठकगण -

आपका हर -शेयर-, हर -वाह-, हर -जुड़ाव- - मेरे लिए केवल तारीफ नहीं, बल्कि एक उत्तरदायित्व है।

आपके स्नेह ने इस श्रृंखला को शब्दों से ऊपर उठाकर भावना बना दिया।

आपके भरोसे ने इस लेखनी को दीप बना दिया - जो मिट्टी, इतिहास और स्वाभिमान की लौ जलाता रहेगा।

**आभार!**

**आगे भी साथ बने रहिए, क्योंकिङ्क मैं बागपत हूँ - और यह सिर्फ शुरूआत है।**

## सामरिक चुनौतियों का बजट

भारत के लिए पाकिस्तान ही सामरिक और आतंकवादी समस्या नहीं है। चीन भी समान चुनौती है। बेशक भारत और चीन आपसी संबंधों को बेहतर बनाने में जुटे हैं। लद्दाख वास्तविक नियंत्रण रेखा वाले युद्ध-क्षेत्र से दोनों देशों की सेनाएं पीछे हट चुकी हैं। अमरीकी टैरिफ दबाव के मद्देनजर चीन भारत के साथ व्यापार को बढ़ाने के पक्ष में है, लेकिन चीन चुपचाप पीठ में छुरा घोंपने वाला देश रहा है। पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में चीन ने उसे वायु रक्षा प्रणाली, मिसाइलें दीं, ड्रोन भी दिए और सैनिक भी पाकिस्तानी फौज के मुखौटे और लिबास में लड़े। पाकिस्तान हमारे लिए शाश्वत चुनौती है। युद्ध के आसार कभी भी बन सकते हैं। हालांकि भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान की सामरिक तैयारियों को ध्वस्त कर दिया है। उसके प्रमुख एयरबेस इतने तबाह कर दिए हैं कि वहां से किसी भी लड़ाकू विमान का उड़ान भरना नामुमकिन है। उन एयरबेस के पुनर्निर्माण के लिए पाकिस्तानी हुकूमत ने निविदाएं सार्वजनिक की हैं। बेशक वह सामरिक तौर पर तैयार रहना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने पाकिस्तान को कर्ज की किस्त जारी करने से पहले 11 शर्तें तय की हैं, लेकिन उनमें एक भी ऐसी नहीं है, जो युद्ध और आतंकवाद को रोकने वाली हो। बेशक आईएमएफ ने विकास पर किए जाने वाले बजटीय खर्च को लेकर सवाल जरूर किए हैं। बहरहाल समस्या भारतीय सेनाओं के यथाशीघ्र आधुनिकीकरण की है, जिसके लिए रक्षा बजट में 26 फीसदी अतिरिक्त पूंजी के आवंटन की घोषणा की गई है। यह 50,000 करोड़ रुपए की वित्तीय मदद पर्याप्त नहीं है। बेशक भारत का रक्षा बजट 7.30 लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो गया है, लेकिन अब भी वह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का मात्र 1.9 फीसदी ही है। जो भारत की जरूरतें हैं और सामरिक चुनौतियां हैं, उनके मद्देनजर रक्षा बजट जीडीपी का कमोबेश 2.5 फीसदी के बराबर या उससे अधिक होना चाहिए। सामरिक तैयारियां 20-25 साला परियोजना नहीं हो सकती। बजट में जो बढ़ोतरी की गई है, उसका अधिकतम हिस्सा महंगे, विदेशी हथियार और उपकरण खरीदने पर ही खर्च हो सकता है, लेकिन भारत को स्वदेशी रक्षा-उत्पादन तुरंत बढ़ाना चाहिए। उसके मद्देनजर रक्षा-क्षेत्र की निजी कंपनियों को आक्रामक समर्थन और सहयोग देकर रक्षा-खरीद को विस्तार देना बेहद जरूरी है। तुलना पाकिस्तान से नहीं, चीन की रक्षा तैयारियों के साथ करनी चाहिए। हमारी वायुसेना के पास बेहद आक्रामक और सटीक निशाने वाले लड़ाकू विमान हैं, लेकिन उनके दस्तों की संख्या 31 है, जबकि स्वीकृत संख्या 42 है। मौजूदा भारत-पाक संघर्ष में निर्णायक भूमिका हवाई हमलों ने ही निभाई। हालांकि एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सेनाएं परंपरागत लड़ाई लड़ती रहीं, लेकिन पाकिस्तान की तबाही हमारे लड़ाकू विमानों और सटीक मिसाइलों ने ही तय की। ब्रह्मोस मिसाइल ने तो रिकॉर्ड कायम किए, लिहाजा आज करीब 20 देश हमसे ब्रह्मोस मिसाइल खरीदना चाहते हैं। एस-400, स्वदेशी प्लेटफॉर्म, विमान-रोधी समर और आकाश मिसाइल सिस्टम आदि का प्रदर्शन कमाल का रहा। दुश्मन के ड्रोन और मिसाइलें आकाश में ही टुकड़ा-टुकड़ा करने में हम सफल रहे। ये हमारे रक्षा शोध और विकास के सफलतम परिणाम साबित हुए, लेकिन सरकार का निवेश और अनुबंध अभी और भी बढ़ाए जाने चाहिए। लड़ाकू विमान राफेल, सुखोई, मिग, मिराज आदि तक ही सीमित नहीं रहने चाहिए। हमें अपने ह्यअवाक्स सिस्टमह्न को अधिक अपग्रेड करने की जरूरत है। पाकिस्तान के पास चीन के विकसित लड़ाकू विमान भी हैं।

# सपा प्रदेश अध्यक्ष का जोरदार स्वागत

### सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल का भव्य स्वागत किया।




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाहराइचा,कैसरगंज। समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एक निजी मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने सोमवार को जनपद बहराइच पहुँचे। जहां पर जनपद की सीमा घाघरा घाट से लेकर जिला पार्टी कार्यालय तक सपा नेताओं व कार्यकर्ताओ के हुजूम ने जगह-जगह उनका जोरदार स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल के जिला पार्टी कार्यालय पहुंचने पर सूबे के पूर्व मंत्री यासर शाह, जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, विधायक कैसरगंज आनंद यादव, पूर्व प्रत्याशी लोकसभा कैसरगंज पंडित भगतराम मिश्रा, पूर्व विधायक रमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव, जिला महामंत्री सुनील निषाद, जिला उपाध्यक्ष देवेश चंद्र मिश्रा, रामजी यादव, महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी, जिला पंचायत सदस्य सुन्दर लाल बाजपेयी, नंदेश्वर यादव, अंबिका प्रसाद यादव, शिवपल्टन यादव, बबलू तौकल पुर, सतीश यादव एड. रंगीलाल यादव, सलमान भाई, रामू यादव आगापुर ,विजय मोहन यादव, अजय यादव, सतसरन यादव,हसीब बीडीसी, रमेश यादव, रोहित यादव,अनिल यादव, विनोद यादव, सुभाष वर्मा, रोहित सोनी,मेराज अहमद नरेंद्र यादव आदि ने वरिष्ठ नेताओं ने फूल मलाओं से किया हार्दिक स्वागत किया।? अपने जोरदार स्वागत व सपाईयों के उत्साह से गदगद प्रदेश अध्यक्ष श्री श्याम लाल पाल ने कार्यालय पर उपस्थित कार्यक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा ढऊअ के लोगों को न्याय व उनका हक दिलाने के लिए, महिलाओं, बहन- बेटियों के सुरक्षा के लिए पूर्ण रूप से शुद्ध है। सपा मुखिया अखिलेश के ढऊअ नारे से भाजपा बुरी तरह बौखलाई है जिससे वह अनाप - सनाप बयानबाजी कर रही है।

# बड़े मंगल पर हनुमान पूजा

### गंगा इन्फ्राटेक ने किया भंडारे का आयोजन



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।** बाराबंकी। ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर धार्मिक आयोजन किया गया। गंगा इन्फ्राटेक एण्ड बिल्डर के एमडी अजय प्रताप सिंह ने हनुमान जी की पूजा-अर्चना के बाद भंडारे का आयोजन जिसमें शाही पनीर,दाल मखानी,छोला कढ़ी चावल व बूंदी के साथ दो तरह के शर्बत का किया वितरण। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप और करनैलगंज के भाजपा नेता राहुल सिंह चौहान ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया। कस्बा रसौली में 12 से 18 वर्ष के बच्चों ने भी बड़े मंगल का उत्साह दिखाया। उन्होंने ग्रुप बनाकर धन एकत्र किया और छोले-चावल व बूंदी का वितरण किया।

बच्चों की हनुमान जी के प्रति भक्ति देखकर लोगों ने प्रशंसा की। कार्यक्रम में रवि प्रताप सिंह, शरद सिंह, अजय प्रताप सिंह, मोनू गुप्ता, सत्यम गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, लकी गुप्ता, विशनू, रुपेश और जतिन सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत शिक्षक को भी भावभीनी विदाई

### जिला विद्यालय निरीक्षक ने अंग वस्त्र देकर किया शिक्षक को सम्मानित



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।** कैसरगंज-स्थानीय हुकुम सिंह इंटर कॉलेज प्रांगण में शिक्षक मोहम्मद हारुन के सेवानिवृत्ति होने के उपरांत उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। विदाई सम्मान समारोह का शुभारंभ बहराइच जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने मां सरस्वती की चित्रपटल पर दीप प्रज्जवलन करके पुष्प माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता अपितु वह समाज को जीवनपर्यंत अपने ज्ञान के माध्यम से नई दिशा दिखाकर निरंतर व सतत जागरूक करता रहता है, शिक्षक की अच्छी शिक्षा के द्वारा ही उच्च समाज का निर्माण होता है जो कि राष्ट्र के प्रगति में अत्यंत सहायक है।

विदाई सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त उर्दू शिक्षक मोहम्मद हारुन को मुख्य अतिथि द्वारा अंग वस्त्र व सूरह यासीन देखकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में हुकुम सिंह इंटर कॉलेज विद्यालय प्रबंधक विश्व पाल सिंह, प्रधानाचार्य ज्ञानचंद, पूर्व प्रधानाचार्य तेज नारायण, प्रवक्ता अखिलेन्द्र चौधरी, रंजीत कुमार, लाल बहोरन, शिक्षक नीलेंद्र विक्रम सिंह, मोहम्मद अनस, शिव कुमार, अरस्तु, अरविंद चौधरी, लवकुश कुमार, मनोज कुमार, संपूणार्नंद गुप्ता, भारत की अवस्थी, शिजुका डॉ. शकुंलता सिंह डॉ.लतिका सिंह, डॉ.बबीता रानी श्रीवास्तव, विन्दू, रीता सिंह, शिखा सिंह, प्रधान लिपिक अशोक कुमार पाठक, कार्यालय सहायक मंजुलम मिश्रा, आदि सहित शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी बाद छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की मनाई जयंती



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद।मंगलवार को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहाबाद रामपुर में राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कराये गये दिनांक 19 मई 2025 को रंगोली प्रतियोगिता तथा दौड़ प्रतियोगिता कराई गई दिनांक 20 तारीख को भाषण प्रतियोगिता कराई गई इस कार्यक्रम शासन से नियुक्त जनप्रतिनिधि के रूप में श्री राजकुमार गुप्ता तथा श्री वेद प्रकाश चंद्रवंशी उपस्थित रहे सर्वप्रथम रानी अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर हिमालय अर्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित की गई श्री राजकुमार गुप्ता के द्वारा छात्राओं को अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर विस्तृत रूप से बताया तथा उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त छात्राओं को शील्ड देखा सम्मानित किया गया विद्यालय की प्रधानाचार्य वंदना शर्मा द्वारा विद्यालय में आए जनप्रतिनिधि श्री राजकुमार गुप्ता का तथा श्री वेद प्रकाश चंद्रवंशी का धन्यवाद ज्ञापित किया तथा शील्ड देकर सम्मानित किया कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने की तथा संचालन उजमा वकील खान ने किया कार्यक्रम को सफल बनाने में शबनम जहां उस्मानी ममता गुप्ता सीमा तलत आर सुमन मीनाक्षी ज्योति ज्योति बरिशा चांदनी निधि डोली नबिता अर्चना आनंद कुमार तरुण रामसरण रेनू आदि लोग मौजूद रहे।

# तहसीलदार से मंदिर की भूमि कब्जामुक्त कराने को लगाई गुहार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद। तहसील क्षेत्र के पुराना रायपुर गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर तहसीलदार को एक पत्र सौंपा। पत्र के माध्यम से गांव में मंदिर की भूमि से कब्जा हटवाने के लिए तहसीलदार राकेश चंद्रा से गुहार लगाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में मंदिर की आराजी पर असगर, अख्तर और ताहिर ने कब्जा कर खेती शुरू कर दी है। कई बार उनसे मंदिर की जमीन छोड़ने को कहा तो अनसुना कर दिया। ग्रामीणों ने तहसीलदार से भूमि को कब्जामुक्त कराने की मांग की है।

# सामाजिक विकास एवं मनोरंजन प्रदर्शनी शुरू, 15 मई से 5 जुलाई तक चलेगी नुमाइश



**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। जनपद बरेली एक बार फिर रंग-बिरंगी रौनक से गुलजार होने जा रहा है। यहां की प्रसिद्ध सामाजिक विकास एवं मनोरंजन प्रदर्शनी का आयोजन इस बार 15 मई से 5 जुलाई तक किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए एक बड़ा आकर्षण है, बल्कि आसपास के जिलों से भी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती है। इस बार प्रदर्शनी में खास बात यह है कि इसे नए और अनोखे अंदाज में सजाया गया है, जिसमें आधुनिकता और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। एफिल टावर से लेकर बरेली के झुमके तक थीम आधारित सजावट- नुमाइश कमेटी के आयोजक अजय मोहन शर्मा ने बताया कि इस बार प्रदर्शनी को खास थीम बटरफ्लाइ पर सजाया गया है। प्रदर्शनी स्थल पर पेरिस के विश्वप्रसिद्ध एफिल टावर की झलक देखने को मिलेगी। इसके अलावा बरेली की सांस्कृतिक पहचान 'झुमका' को भी खास रूप से प्रस्तुत किया गया है। इन थीम आधारित सजावटों के माध्यम से न केवल मनोरंजन, बल्कि लोगों को सांस्कृतिक और वैश्विक दृष्टिकोण से जोड़ने का प्रयास किया गया है। प्रेस वार्ता में जगमोहन सिंह, अक्षय सिंह, अजय मोहन शर्मा, धर्मेन्द्र मैसी आदि मौजूद रहे।

# अवैध गैस रिफलिंग का भंडाफोड़

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। मीरगंज तहसील क्षेत्र के गांव जाफरपुर में अवैध गैस रिफलिंग का गोरखधंधा कर रहे कारोबारियों पर प्रशासन ने करारी चोट की है। एसडीएम तृप्ति गुप्ता के निर्देशन में पूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक दुकान पर छापा मारकर अवैध रूप से संचालित गैस रिफलिंग यूनिट का भंडाफोड़ किया। कार्रवाई के दौरान भारत गैस के छह 14.2 किलो के सिलेंडर, एक 5 किलो का सिलेंडर और रिफलिंग मशीन सहित अन्य उपकरण जब्त किए गए। मौके से यासीन और इस्लाम पुत्रगण रफीक अहमद को रंगे हाथों पकड़ा गया, जिन्होंने रिफलिंग की गतिविधि स्वीकार की।

पूर्ति निरीक्षक रवि कुमार सक्सेना की तहरीर पर शीशगढ़ थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। बरामद गैस सिलेंडर व उपकरण एचपी गैस एजेंसी, शीशगढ़ के मैनेजर को सुपुर्द किए गए हैं। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है और आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास तेज कर दिए हैं।

# भारतीय किसान यूनियन भानू ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
रामपुर शाहबाद। भारतीय किसान यूनियन भानू ने डीएम के नाम एक ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। जिसमें किसानों की कई मांगों को रखा गया।भाकियू भानू ने मांग करते हुए लिखा कि शाहबाद क्षेत्र में मच्छर मारने की कीटनाशक दवाई सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई थी लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में अभी तक मच्छर मारने व कीटनाशक दवाई का छिड़काव नहीं हो पाया है इसमें स्वास्थ्य केंद्र अधिकारियों, कर्मचारियों की मिलीभगत से घोटाला किया गया, इसकी जांच कराई जाए वही शाहबाद क्षेत्र में किसान को कर्ज वसूली के नाम पर दबाया जा रहा है और किसानों को प्रताड़ित किया जा रहा है और किसानों से अवैध वसूली की जा रही है इसे रोका जाए। साथ ही साथ शाहाबाद क्षेत्र के मधुकर से परोता जाने वाला रास्ता काफी जर्जर खराब है, इसे जल्द सही कराया जाए। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खा, हरिश्चंद्र, हरपाल सिंह,शाहिद खा, भरे सागर, राजपाल सिंह, शकील अहमद, वेदराम सिंह, इरफान खान, मुख्तियार शाह, आरिफ खान आदि किसान मौजूद रहे।

# मुरादाबाद के विद्युत कर्मियों पर फर्जी चेकिंग और अवैध वसूली के गंभीर आरोप, मुख्यमंत्री को शिकायत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
मुरादाबाद। विद्युत उपकेंद्र एक बार फिर चर्चा में है। यहां तैनात टीजी-2 तनवीर सिंह, संविदा कर्मी साबिर राजा और ओम प्रकाश पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली और विभागीय नियमों की खुलेआम अनदेखी के गंभीर आरोप लगे हैं। शहर के दीवान का बाजार स्थित विद्युत उपकेंद्र एक बार फिर चर्चा में है। यहां तैनात टीजी-2 तनवीर सिंह, संविदा कर्मी साबिर राजा और ओम प्रकाश पर उपभोक्ताओं से अवैध वसूली और विभागीय नियमों की खुलेआम अनदेखी के गंभीर आरोप लगे हैं। इन कर्मचारियों की शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच चुकी है, जिससे विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। कर्मचारी फर्जी चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं से मोटी रकम वसूलते हैं शिकायत मुगलपुरा निवासी सैय्यद नोमान अली ने की है। आरोपों के अनुसार, ये कर्मचारी फर्जी चेकिंग के नाम पर उपभोक्ताओं को डराकर मोटी रकम वसूलते हैं। यही नहीं, पुराने बकायेदार परिसरों में भी नियमों को दरकिनार कर पैसे लेकर बिजली कनेक्शन जारी किए जा रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया है कि ये तीनों कर्मचारी एक ही उपकेंद्र पर वर्षों से तैनात हैं और इनमें से एक कर्मचारी अधिशासी अभियंता का करीबी बताया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत करने पर उन्हें धमकाया जाता है और उनके खिलाफ झूठी रिपोर्ट तैयार कर दी जाती है। यह भी सामने आया है कि इन कर्मचारियों ने विभाग में अपने रसूख के दम पर करोड़ों की संपत्ति खड़ी कर ली है। शिकायतकर्ता ने मांग की है कि अगर इनकी संपत्ति और कार्यशैली की निष्पक्ष जांच हो, तो एक बड़े घोटाले का पदार्फाश हो सकता है। फिलहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए विभागीय अधिकारी अलर्ट मोड में हैं और कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है।

# भीषण गर्मी में ट्रैफिक पुलिस को राहत

## बरेली में टेम्प्रेचर कंट्रोल हेलमेट वितरित किए





**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**
बरेली। प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखते हुए बरेली पुलिस ने अनूठी पहल की है। सोमवार को चौकी चौराहा पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अनुराग आर्य ने ट्रैफिक पुलिस के 50 कर्मियों को टेम्प्रेचर कंट्रोल हेलमेट वितरित किए।

इस हाईटेक हेलमेट की खासियत यह है कि इसमें लगी डिवाइस के जरिए गर्मी के मौसम में यह सिर को ठंडा और सर्दी में गर्म रखने में सक्षम है। साथ ही इसमें लगी विंडशील्ड धूल-मिट्टी से चेहरे की सुरक्षा करती है। हेलमेट में लगी डिवाइस को चार्ज किया जा सकता है, जिससे यह लंबे समय तक उपयोग में लाई जा सकती है।

इस अवसर पर एसएसपी अनुराग आर्य ने 5 ह्यइन्सेप्टर बाइकह्न को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह विशेष बाइक तेज रफ्तार से दौड़ते वाहनों की निगरानी करने में सक्षम है। इसके अलावा बाइक पर लगे आधुनिक इन्सेप्टर डिवाइस से बिना हेलमेट के चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों का ऑन-द-स्पॉट चालान भी किया जा सकेगा। पुलिस प्रशासन की इस पहल से गर्मी में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मियों को राहत मिलेगी और साथ ही ट्रैफिक व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सकेगा।

# शासन के निर्देशानुसार अहिल्याबाई होल्कर के चित्रों पर जयंती मनायी गयी



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो,**
ध्यान ।ठाकुरद्वारा अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि के क्षेत्र के ग्रामसरफराज नगर में शासन के निर्देश राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर उनके चित्र पुष्पांजलि के सहयोग से महाराजगंज में उनके चित्र स्थापित हुए। जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया।

राजमाता अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती मनाई गई

साथ ही उनके विचारों को साझा किया गया और संयुक्त राष्ट्र में अमल करने की अपील की गई।

# मुरादाबाद के आमों की मिठास ने दुनिया को बनाया दीवाना, दुबई से आई 200 टन की मांग



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
मुरादाबाद। कभी पीतल के लिए पहचाना जाने वाला मुरादाबाद अब आम की मिठास से दुनियाभर के लोगों का दिल जीत रहा है। जैसे ही गर्मियों की दस्तक होती है, इस मंडल के बागों में हरियाली के बीच सुनहरे आम लहराने लगते हैं और अब ये मिठास देश की सीमाएं लांघकर खाड़ी देशों तक पहुंच रही है।

दशहरी-चौसा की खुशबू अब सरहदों के पार-30,000 हेक्टेयर में फैले आम के बागान न सिर्फ किसानों की मेहनत का प्रतीक हैं, बल्कि उत्तर प्रदेश की खेती को वैश्विक मानचित्र पर ला खड़ा कर रहे हैं। दशहरी हो या चौसा, लंगड़ा हो या अम्रपाली – हर किस्म की अपनी एक कहानी है, एक खुशबू है, जो अब दुबई जैसे बाजारों में भी अपना असर दिखा रही है।

इस साल दुबई से सीधे 200 टन आम की मांग मुरादाबाद मंडल को मिली है। यह केवल व्यापार नहीं, बल्कि एक भरोसे का प्रतीक है कि यहां के आम सिर्फ स्वादिष्ट नहीं, बल्कि गुणवत्ता में भी लाजवाब हैं।

किसानों के चेहरों पर मुस्कान है, क्योंकि अब उनके पसीने की कमाई को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है। बागवानी विभाग भी सक्रिय है, जिससे आधुनिक तकनीकों की मदद से उत्पादन और निर्यात को और बेहतर बनाया जा सके।

# अमरोहा में मोहर्रम जुलूस की तैयारी:एसडीएम को दिया ज्ञापन, बिजली और सफाई व्यवस्था की मांग



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
अमरोहा के नौगांव सादात में शहर ए अमन वेलफेयर एसोसिएट्स ने मोहर्रम जुलूस को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएट्स के पदाधिकारियों ने बताया कि 27 जून से मोहर्रम की शुरूआत होगी।

जुलूस के लिए कई महत्वपूर्ण मांगें रखी गईं। मार्ग पर स्थित जर्जर बिजली के खंभों और विद्युत लाइनों की मरम्मत की मांग की गई। गर्मी को देखते हुए पानी के टैंकरों की व्यवस्था की मांग भी की गई। अवैध सामान हटाने की मांग-एसोसिएट्स ने जुलूस मार्ग की टूटी सड़कों और नालियों की मरम्मत का अनुरोध किया। साथ ही सड़कों से अवैध सामान हटाने की मांग की। रात्रि में उचित प्रकाश व्यवस्था और मार्ग पर बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया।

**मनरेगा घोटाला** | **शमी की बहन की ससुराल से जुड़ा मनरेगा घोटाला मामला:**

# तीन पंचायत सचिवों की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की रोक, एफआईआर में आठ कर्मचारी नामजद



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**
अमरोहा के बहुचर्चित मनरेगा घोटाले में क्रिकेटर मोहम्मद शमी की बहन शबीना की ससुराल से जुड़े तीन तत्कालीन ग्राम पंचायत सचिवों को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सोमवार शाम करीब चार बजे कोर्ट ने चार्जशीट दाखिल न होने और अगली सुनवाई तक तीनों की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी। इससे पहले कोर्ट ने इसी मामले में आरोपी तत्कालीन लेखाकार विजेंद्र पाल की गिरफ्तारी पर भी रोक लगाई थी।

फरवरी 2025 में मीडिया ने अमरोहा के जोया ब्लॉक की ग्राम पंचायत पलौला में मनरेगा मजदूरी में घपले का चौंकाने वाला खुलासा किया था। यह वही गांव है जहां क्रिकेटर शमी की बहन शबीना की ससुराल है और उनकी सास गुले आयशा मौजूदा ग्राम प्रधान हैं। खुलासे में सामने आया था कि शमी की बहन, बहनोई गजनवी और परिवार के 18 सदस्यों के नाम पर जॉब कार्ड बनाकर लाखों रुपये की मजदूरी निकाली जा रही थी

**डीएम ने कराई जांच, हुई रिकवरी-** मामला सामने आने पर डीएम निधि गुप्ता वत्स ने जांच बैठाई थी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर ग्राम प्रधान से ?8,68,344 की रिकवरी कराई गई। साथ ही आठ संबंधित कर्मियों को निलंबित कर दिया गया। जांच के बाद 3 मार्च को बीडीओ जोया लोकचंद की तहरीर पर डिडौली कोतवाली में तत्कालीन पंचायत सचिव पृथ्वी सिंह, अंजुम, हुमा परवीन, लेखाकार विजेंद्र सिंह, कम्प्यूटर ऑपरेटर शराफत अली, तकनीकी सहायक अजय निमेश, एपीओ बृजभान सिंह और सेवा मुक्त ग्राम रोजगार सेवक झम्मन सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई

**हाईकोर्ट पहुंचे आरोपी-** एफआईआर के बाद पंचायत सचिव हुमा परवीन, अंजुम और पृथ्वी सिंह ने गिरफ्तारी से बचाव के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोर्ट ने सुनवाई करते हुए उन्हें फिलहाल गिरफ्तारी से राहत दे दी है।

# डीपीआरओ कार्यालय में सफाई कर्मियों से टाइल्स लगवाने का मामला उजागर

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) नवीन मिश्रा एक बार फिर सवालों के घेरे में हैं। शासन द्वारा तय नियमों और आदेशों को ताक पर रखते हुए डीपीआरओ कार्यालय में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों से टाइल्स लगवाने का मामला सामने आया है। इस अनियमितता ने न सिर्फ सरकारी कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था की बदहाली को भी उजागर कर दिया है।



**गांवों में गंदगी, कार्यालय में टाइल्स :**

सूत्रों के अनुसार, दर्जनों सफाई कर्मचारी, जिन्हें गांवों और कस्बों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी गई है, इन दिनों डीपीआरओ कार्यालय में टाइल्स लगाने के काम में लगे हुए हैं। इससे ग्रामीण इलाकों में सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, और जगह-जगह गंदगी का अंबार लग गया है।

**प्रशासनिक आदेशों की अवहेलना ?**

शासन के स्पष्ट निर्देश हैं कि सफाई कर्मचारियों से केवल स्वच्छता संबंधी कार्य ही कराए जाएं। बावजूद इसके डीपीआरओ द्वारा इन्हें निर्माण कार्यों में लगाना न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि श्रम शोषण की श्रेणी में भी आता है।

**डीपीआरओ का मौन और जिला अधिकारी की प्रतिक्रिया :**

जब मीडिया ने डीपीआरओ नवीन मिश्रा से इस विषय में बात करने का प्रयास किया, तो वह कैमरे से बचते नजर आए। वहीं, जिला अधिकारी को जब इस पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई, तो उन्होंने कहा कि इस मामले में स्पष्टीकरण मांगा गया है और स्पष्टीकरण के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

**प्रमुख सवाल जो उठ रहे हैं :**

क्या कार्यदयी संस्था के पास अपने मजदूर नहीं हैं? अगर मजदूर हैं तो फिर सफाई कर्मचारियों से टाइल्स क्यों लगवाई जा रही है? क्या यह प्रयास मजदूरी बचाने का तरीका है या फिर किसी और अनियमितता की ओर इशारा करता है? आखिर क्यों प्रशासनिक आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं ?

**अन्त में :** यह मामला शासन और प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। यदि सफाई कर्मचारियों से मजदूरी का कार्य कराया जा रहा है, तो यह न केवल उनके अधिकारों का उल्लंघन है बल्कि सार्वजनिक संसाधनों के दुरुपयोग का भी उदाहरण है। अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस पर क्या कदम उठाता है और डीपीआरओ नवीन मिश्रा के खिलाफ क्या कार्यवाही होती है।

इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी का कहना है : जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में सफाई कर्मियों से टाइल्स कार्य कराये जाने को लेकर जब जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी से जानकारी ली गयी। डीएम ने कहा कि मीडिया के द्वारा यह प्रकरण संज्ञान में लाया गया है। इसमें डीपीआरओ को नोटिस भेजकर निर्माण कार्य की मद, कार्यदायी संस्था और कौन लोग इसमें कार्य कर रहे थे को लेकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। स्पष्टीकरण आने के बाद अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

**अक्षय त्रिपाठी- ( जिलाधिकारी,ललितपुर )**

# डी एन इंटर कालेज में बी आई एस व्दारा स्टेंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

ललितपुर । डी एन इंटर कालेज में भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) की गाजियाबाद ब्रांच के तत्वावधान में मानक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीआईएस के रिसोर्स पर्सन मुकन्द वल्लभ शर्मा ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया तथा उनको मानक लिखने की विधि विस्तार से समझाई इस अवसर पर बीआईएस से सम्बंधित वीडियो हालमार्किंग,मानक गीत एवं बीआईएस क्या है दिखाये गये।

कार्यक्रम का संयोजन नीरज चंद्रा मेंटोर बीआईएस ने किया, प्रतियोगिता में कुल 50 छात्रों ने प्रतिभाग किया। डी एन इंटर कॉलेज के मेंटोर नीरज चंद्रा ने प्रतिभागियों को विद्यालय व्दारा आयोजित की जाने वाली बीआईएस की गतिविधियों की जानकारी दी।बीआईएस की मानक लेखन प्रतियोगिता सम्पन होने से पूर्व संदर्भ व्यक्ति मुकन्द वल्लभ शर्मा ने मानकों का महत्व बताया व भारतीय मानक ब्यूरो की जानकारी दी गई इस अवसर पर छात्रों को दैनिक जीवन में मानकों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोजेक्टर के माध्यम से बीआईएस के विषय में वीडियो दिखा कर जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य सुशील कुमार सिंह एवं जी जी आई सी विजय नगर की प्रधानाचार्या डा0 विभा चौहान ने मानक लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरण करते हुए लक्ष्य व अर्पित सिंह की टीम प्रथम स्थान पर रही टीम मो0 समीर व मयंक कुमार की टीम द्वितीय स्थान पर रही और मयंक व संदेश ने तृतीय प्राप्त किया सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं नकद पुरस्कार प्रथम को 1000 व्दितीय को 750 रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 500 रुपए और प्रमाण पत्र प्रदान किये गए, इसके अतिरिक्त शेष सभी छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र और डायरी प्रदान किये गए।

प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं के ग्रुप बनाये गए थे जिन्होंने आपसी डिस्कसन के आधार पर लिखित रूप से स्कूल बैग के लिए स्टेंडर्ड राइटिंग की गई, कार्यक्रम का संचालन डी एन इंटर कालेज के मेंटोर नीरज चंद्रा ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था में ने रामेश्वर सिंह और विनित ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया ।

## संक्षिप्त समाचार

### जमीन की नाप कराकर कब्जा दिलाने की मांग

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

ललितपुर । कोतवाली सदर अंतर्गत मोहल्ला आजादपुरा लेड़िया निवासी जितेन्द्र सिंह पुत्र जाहर सिंह ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पट्टे वाली जमीन की नाप कराये जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है पात्रता के आधार पर उसे गोविंद सागर बांध के भराव क्षेत्र में 2 एकड़ का पट्टा सिंचाई विभाग द्वारा आवंटित किया गया है। लेकिन विभाग के कर्मचारियों द्वारा उसकी नाप नहीं की जा रही है, जिस कारण वह खेती करने से बंचित है। जब वह कर्मचारियों से जमीन की नाप करने को कहता है तो उसे आज कल कहकर भगा दिया जाता है। पीड़ित ने पट्टे वाली जमीन की नाप कराते हुए कब्जा दिलाये जाने की मांग की है।

### मुहल्ला जुगपुरा निवासी मुहल्ले वासियों ने जिलाधिकारी से की सी०सी० रोड व नाली बनवाये जाने की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर। जुगपुरा वासियों ने आज जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर जिलाधिकारी को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि कि वार्ड नं० 8 जुगपुरा नेहरू नगर में प्राथमिक विद्याालय के बगल से अन्दर कॉलोनी में जाने के लिये बहुत समय पहले से कच्चा रास्ता है एवं बडे-बडे खडडे एवं उसमें गंदा पानी भरा है, जिसमें स्कूली बच्चो को गिरते देखा गया कई बार एवं महुल्लेवासी को निकलने में कठनाईया होती है, प्रार्थना में लोगों नें प्राथमिक विद्यालय से समुदायिक शौचालय होते हुये हरी नामक कुओ के पास तक सी०सी रोड एवं नाली बनवाने की मांग की। प्रार्थना पत्र देने वालों में चंद्रा, कुसुम रानी, सूरज, पिंकी यादव, गुड्डी, रचना ,रागनी, प्रीति ,प्रियंका आदि मौजूद रहे ।

# एलयूसीसी : 19 अभियुक्तों के खिलाफ हुई गैंगस्टर की कार्यवाही

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**

ललितपुर । जिले में एलयूसीसी चिटफण्ड कंपनी के जरिए हजारों करोड़ रुपये की ठगी के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस घोटाले के मास्टरमाइंड रवि तिवारी को गैंगलीडर घोषित करते हुए उनके और 18 अन्य अभियुक्तों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत कार्रवाई शुरू की गई है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देश पर बीती रात की गई, जो इस मामले में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाइयों में से एक है। एलयूसीसी नामक चिटफंड कंपनी ने उत्तर प्रदेश सहित देश के आठ राज्यों और 22 जनपदों में अपने ठगी के जाल को फैलाया था। कंपनी के एजेंट्स ने ग्रामीणों, किसानों और आम लोगों को कम समय में पैसे दोगुना करने, नकद पुरस्कार, कार और अन्य लुभावने ऑफर्स का झांसा देकर उनकी मेहनत की कमाई हड़प ली। फर्जी दस्तावेजों, सेमिनारों और प्रचार के जरिए लोगों को निवेश के लिए प्रेरित किया गया। जब निवेशक अपने पैसे वापस मांगते, तो उन्हें धमकियां दी जातीं या गुमराह किया जाता। इस घोटाले में हजारों करोड़ रुपये की ठगी होने का अनुमान है, जिसने कई परिवारों को आर्थिक संकट में डाल दिया। ललितपुर पुलिस ने इस मामले में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए रवि तिवारी को गैंग का सरगना घोषित किया

है। रवि तिवारी, जो पहले भी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं, पर 35,000 रुपये का इनाम था। उनके साथ अन्य 18 अभियुक्तों पर भी गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। गैंगलीडर रवि तिवारी के साथ आलोक कुमार जैन उर्फ आलोक जैन-पुत्र कैलाश चंद्र जैन, जगत सिंह उर्फ तन्सू पुत्र पूरन सिंह, नीरज जैन उर्फ बन्टी जैन पुत्र मुन्नालाल जैन, मानसिंह पुत्र गोपाल अहिरवार, अशोक कुमार अहिरवार पुत्र कनोजीलाल, द्वारिका प्रसाद झा पुत्र पुत्र स्व. हरप्रसाद उर्फ हल्के झा, सतीश चंद्र जैन पुत्र डमरूपाल जैन, रामनरेश साहू पुत्र रामस्वरूप साहू, महेश प्रसाद रजक पुत्र स्व. प्रागीलाल, सुरेन्द्रपाल सिंह पुत्र स्व. मलखान सिंह, हरदेव पटेल पुत्र जालम सिंह, राहुल तिवारी पुत्र तिलक राम तिवारी, मुकेश कुमार जैन पुत्र भागचंद्र जैन, विनोद कुमार तिवारी उर्फ रानू पुत्र तिलकराम तिवारी, विशाल खुराना पुत्र अमृतलाल खुराना, भरत वर्मा पुत्र स्व. जगदीश वर्मा, राजेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ राजू, पुत्र स्व. महेश चंद्र गुप्ता, जितेन्द्र सिंह निरंजन पुत्र स्व. रतनसिंह

निरंजन को भी गैंग में सक्रिय सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। इन अभियुक्तों ने संगठित गिरोह बनाकर ठगी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस ने इनके खिलाफ पहले ही कई मुकदमे दर्ज किए हैं, और अब गैंगस्टर एक्ट के तहत उनकी संपत्तियों को कुर्क करने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। हालांकि पुलिस की कार्रवाइयों से ठगी के दोषियों पर शिकंजा कसा जा रहा है, लेकिन निवेशकों के पैसे वापस होने को लेकर अभी कोई स्पष्ट नीति या रुख सामने नहीं आया है।

पीड़ित निवेशक अपनी मेहनत की कमाई वापस पाने की उम्मीद में प्रशासन और सरकार की ओर टकटकी लगाए हुए हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि दोषियों की संपत्तियों को कुर्क कर पीड़ितों को उनका पैसा लौटाया जाए। गिरफ्तारियां इस मामले में अब तक रवि तिवारी, आलोक जैन, नीरज जैन, राहुल तिवारी, मुकेश जैन, राघवेंद्र सहित 13 से अधिक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जा चुका है। बरामदगी रवि तिवारी के कब्जे से मर्सडीज, फॉच्यूनर, हुंडई अल्काजार जैसी लग्जरी गाडियां और कंपनी के महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं। हिस्ट्रीशीट तीन मुख्य अभियुक्तों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है। ईडी की जांच प्रवर्तन निदेशालय इस घोटाले की गहराई से जांच कर रहा है, जिसमें मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

# राशन की दुकान आवंटन, कोरम के अभाव में बैठक स्थगित



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मथुरा। चौमुहां ब्लॉक क्षेत्र के गांव भरतिया में सरकारी सस्ते-गल्ले की दुकान के आवंटन को लेकर बुलाई गई खुली बैठक को कोरम पूरा न होने का हवाला देते हुए स्थगित कर दिया। इससे क्षुब्ध सैकड़ों ग्रामीणों ने क्षेत्र पंचायत कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। गांव भरतिया की सरकारी सस्ते-गल्ले की दुकान करीब पांच माह से गांव दलौता से अटैच चल रही है। सोमवार को दुकान आवंटन के लिए गांव में खुली बैठक प्रधान महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई । पर्यवेक्षक के रूप में एडीओ कृषि लक्ष्मीनारायण शर्मा एवं पंचायत सचिव योगेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रधान महेंद्र सिंह ने कोरम पूरा न होने का हवाला देते हुए बैठक को स्थगित कर दिया। ग्रामीण नारद सिंह सिसौदिया व रघुपत सिंह का कहना था कि बैठक में 300 से 400 लोग मौजूद थे, बावजूद इसके बैठक स्थगित कर दी। ग्रामीणों ने राशन की दुकान का निष्पक्ष आवंटन कराए जाने की मांग की है। पंचायत सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय भरतिया में राशन की दुकान के आवंटन के संबंध में खुली बैठक बुलाई थी। ग्रामीणों की दो तिहाई से भी कम उपस्थिति होने के कारण उसे स्थगित कर दिया गया है। बैठक की अगली तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी। ग्रामीणों के द्वारा लगाए आरोप निराधार हैं।

# विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, मथुरा निजीकरण के विरुद्ध आवाज बुलंद

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मथुरा में विद्युत कर्मचारियों का संघर्ष जारी है। संघर्ष समिति ने कहा कि कंसल्टेंट की नियुक्ति के समय जारी किए गए आर एफ पी डॉक्यूमेंट में वर्ष 2020 के ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट का हवाला दिया गया है। ऐसी स्थिति में एनर्जी टास्क फोर्स की बैठक में 09 अप्रैल 2025 के कथित ड्राफ्ट स्टैंडर्ड बिडिंग डॉक्यूमेंट पर प्रस्तुतीकरण किया जाना पूरी तरह गलत होगा।

संघर्ष समिति ने टाटा पावर के प्रबंध निदेशक प्रवीर सिन्हा के मुंबई से जारी किए गए वक्तव्य पर कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। टाइम्स ऑफ इंडिया में प्रकाशित समाचार के अनुसार टाटा पॉवर के एम डी ने कहा है कि हमारे डिस्कसन के आधार पर बिडिंग डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है और टाटा पॉवर पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम की बिडिंग में भाग लेने के लिए तैयार है। संघर्ष समिति ने



कहा कि टाटा पावर के प्रबंध निदेशक का यह बयान पावर कारपोरेशन के चेयरमैन और कापोर्रेट घरानों की मिलीभगत को पूरी तरीके से उजागर कर देता है।

संघर्ष समिति ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के पीछे भारी भ्रष्टाचार हो रहा है और आश्चर्य की बात यह है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की नीति को धता बताते हुए चेयरमैन निजीकरण करने पर आमादा हैं। संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश के समस्त जनपदों और परियोजनाओं पर दिन भर विरोध सभा हुई। कान्हा की नगरी जनपद मथुरा में कामरेड धर्मेंद्र सभागार प्रांगण, काली मंदिर के पास कैंट कार्यालय मथुरा में 12 बजे से 3 बजे तक हुई विरोध सभा में सभी बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज बुलंद की। संघर्ष समिति मथुरा के पदाधिकारियों इं राहुल चौरसिया, इं सचिन द्विवेदी, इं देवेन्द्र तिवारी , इं मनीष कुमार, इं गया सिंह, इं मानवेंद्र सिंह, मनीष, ग्यान प्रकाश, प्रदीप सागर, नरेंद्र, कन्हैया, रामवीर, आदि ने कहा है कि निजीकरण स्वीकार्य नहीं है और निजीकरण नहीं होने देंगे ।

# सहकारी बैंक का चतुर्थ कर्मचारी चौथ वसूली में पाया लिप्त, किया निलंबित

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मथुरा। जिला सहकारी बैंक प्रबंध समिति की बैठक अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सहकारी बैंक बिसावर में तैनात चतुर्थ कर्मचारी संजय जाट को आगरा में चौथ वसूली में लिप्त पाए जाने के बाद सोमवार को प्रबंध समिति ने निलंबित कर दिया। इसके अलावा 6 बैंकों के शाखा प्रबंधकों द्वारा रिकवरी में लापरवाही बरतने पर उनका मई माह का वेतन रोकने के आदेश दिए। अध्यक्ष निरंजन सिंह ने बताया कि राया, नंदगांव, नौहझील, बलदेव, सौंख और फरह के शाखा प्रबंधकों का वेतन रोका गया है। उन्होंने कहा कि इसमें बिल्कुल भी लापरवाही नहीं चलेगी। अध्यक्ष ने कहा कि शाखा बाजना, वृंदावन, मंडी यार्ड, सादाबाद, सहपऊ, राया, बिसावर, बलदेव, छाता और नंदगांव के प्रबंधकों द्वारा जमा राशि के लक्ष्यों की पूर्ति न किए जाने तक मई माह का वेतन रोका है। बैठक में भारतीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के निर्देश के अनुपालन में बैंक द्वारा तैयार की गई विभिन्न नीतियों का अनुमोदन किया गया। जिला सहकारी बैंक के सचिव दमन लाल शर्मा ने कहा कि सभी शाखा प्रबंधकों को ऋण वसूली, जमा-निकासी के साथ अन्य कार्य में तेजी और समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं देखी जाएगी। इस मौके पर सुरेंद्र सिंह, जगदीश कुमार कुंतल, बनवारी सिंह सिकरवार, उमेश प्रताप सिंह, मावेन्द्र सिंह, सर्वेश, सुमित कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### 56 करोड़ बजट के बावजूद सड़को का निर्माण कार्य अधूरा

**नेशनल प्रेस टाइम ,ब्यूरो**

बरेली। मानसून आने में एक माह से भी कम का समय बचा है। शासन से 56 करोड़ रुपये से अधिक का बजट फरवरी माह में जारी किए जाने के बाद भी महज पचास फीसदी सड़कों का ही निर्माण कार्य पूरा किया जा सका है। ऐसे में ऐसे में जिले की सड़कों के नवीनीकरण और मरम्मत का कार्य पूरा करना पीडब्ल्यूडी के सामने चुनौती बना हुआ है। बता दें, पिछले साल मानसून में क्षतिग्रस्त और पांच वर्षों से कई सड़कों का नवीनीकरण कार्य नहीं होने से राहगीरों को गड्ढों वाली सड़कों से आने-जाने को मजबूर होना पड़ रहा था। ऐसे 89 मार्गों के लिए पीडब्ल्यूडी ने शासन को नवंबर माह में डीपीआर भेजकर बजट की मांग की गई थी। जनवरी और फरवरी में इन सड़कों के लिए 56 करोड़ रुपये से अधिक का बजट जारी होने के बाद विभाग की ओर से टेंडर प्रक्रिया पूरी कर मार्च माह के अंत में प्रमुख मार्गों समेत अन्य सड़कों का निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया गया। अब मई का महीना आधे से ज्यादा बीत चुका है। काम शुरू हुए दो माह का समय बीत चुका है, लेकिन सड़कों का पचास फीसदी ही निर्माण पूरा हो पाया है। इधर, ठेकेदारों की मानें तो सामान्यतः जिले में 15 जून के बाद कभी भी मानसून दस्तक दे देता है। इसके बाद निर्माण कार्यों पर विभाग की ओर से रोक लगा दी जाती है। निर्माण कार्यों पर यह रोक अक्टूबर माह तक रहती है।

# सोंख में पानी की सप्लाई नहीं आने पर मटका फोड़कर किया प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मथुरा। सौंख में आदर्श नगर पंचायत की दाऊजी गली में नलों में पानी की सप्लाई नहीं आने पर लोग आक्रोशित हो गए। महिलाओं व लोगों ने मटका फोड़कर विरोध प्रदर्शन किया। सभासद अनीता चौधरी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने मटका फोड़कर नगर पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन किया। चेयरमैन के खिलाफ नारेबाजी कर चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में समस्या का समाधान नहीं हुआ तो नगर पंचायत कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।



भाकियू (सुनील गुट) के जिला उपाध्यक्ष सुनिया पहलवान ने कहा कि पिछले माह से नगर पंचायत द्वारा दी जाने वाली पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। इससे लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। निजी टैंकरों से दैनिक कार्यों के लिए पानी खरीदना पड़ रहा है।

सभासद अनीता चौधरी ने बताया कि कई बार नगर पंचायत प्रशासन को समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। नरेंद्र सिह, गोपी चंद, प्रेमसिह, गोविंद सिंह, कन्हैया लाल, राजेश देवी, राधा देवी, आरती देवी, रामवती, शांति देवी आदि शामिल रहे। वहीं चेयरमैन योगेश लंबरदार का कहना है कि पानी की समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

# कैराना के अधिवक्ताओं ने निकाली तिरंगा रैली, सौंपा ज्ञापन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना। जनपद बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ताओं ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर तिरंगा रैली का आयोजन किया। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना को सौंपा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने भारतीय सेना के समर्थन में जमकर नारेबाजी की।



मंगलवार को बार एसोसिएशन कैराना के अधिवक्ता जनपद न्यायालय परिसर में एकत्र हुए। जहां से उन्होंने संगठन के अध्यक्ष रामकुमार वशिष्ठ एवं महासचिव राजकुमार चौहान के नेतृत्व में तिरंगा रैली की शुरूआत की। तिरंगा रैली जनपद न्यायालय के प्राचीन प्रेमचंद जैन द्वार से शुरू होकर कस्बे के मुख्य शामली-कैराना मार्ग, चौधरी सुल्तान सिंह स्मृति द्वार व कोर्ट परिसर से होते हुए तहसील मुख्यालय पर पहुंची। रैली में शामिल अधिवक्ता अपने हाथों में राष्ट्रध्वज तिरंगा थामे हुए थे। वह भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद व पाकिस्तान मुदार्बाद के नारे लगा रहे थे। अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर भी जमकर नारेबाजी की। इसके पश्चात, अधिवक्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित धन्यवाद ज्ञापन-पत्र तहसीलदार कैराना अर्जुन चौहान को सौंपा। इस अवसर पर बीएस चौहान,ईश्वरचंद जाटव,सालिम चौधरी,नीरज चौहान,अनुज रावल,रिजवान अली,शगुन मित्तल, अनुभव स्वामी,आदित्य चौहान आदि अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# एवरग्रीन स्कूल में मनाई गई अहिल्याबाई होल्कर की जयंती

## जयंती के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता हुई आयोजित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कैराना। एवरग्रीन पब्लिक स्कूल में मराठा साम्राज्य की महान समाजसेविका और न्यायप्रिय शासिका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के उपलक्ष्य में एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्रों ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवन, कार्यों और उनके आदर्शों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।



इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में उत्साहपूर्वक भागीदारी देखने को मिली। निर्णायक मण्डल द्वारा प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्र एंव छात्राओं को प्रतिभाओं के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। सारा और इसरा प्रथम, मैफरीन और साकिब द्वितीय व उवेश अहमद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकगणों ने सभी विजेताओं को बधाई दी और छात्रों को अहिल्याबाई होल्कर के आदर्शों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया।कार्यक्रम का सफल आयोजन में ब्रिजेश चौधरी, हसन अंसारी,मनीष भारद्वाज,विजय चौहान व शाहिद् मिर्जा का विशेष सहयोग रहा।

# गढ़ी दौलत के ट्रक ड्राइवर की गोरखपुर हाईवे पर हादसे में हुई मौत

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कांधला।थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक युवक की सड़क हादसे के दौरान दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी रफीक का 30 वर्षीय पुत्र सरवर ट्रक ड्राइवर था। परिजनों के अनुसार सरवर गत दिवस सोमवार को अपना ट्रक लेकर हरियाणा के करनाल से लोहे का सिंचाई करने वाला सामान भरकर जनपद गोरखपुर के लिए रवाना हुआ था। मंगलवार सवेरे गोरखपुर हाईवे स्थित जनपद बस्ती के समीप विपरीत दिशा से आ रहे अन्य ट्रक ने सामने की टक्कर मार दी। ट्रक ड्राइवर सरवर की मौके पर ही दर्दनाक का मौत हो गई। हादसे की जानकारी



मिलने के बाद परिजन ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के साथ घटनास्थल पर पहुंचे मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने मृतक युवक के शव को ट्रक से बाहर निकाला और कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक ट्रक ड्राइवर का शव पोस्टमार्टम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। ग्राम प्रधान पति राशिद जंग के द्वारा बताया गया कि मामले की शिकायत संबंधित थाने को की गई है, पुलिस अन्य चालक की तलाश में जुटी हुई है पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# पूछताछ के लिए सीआईए ने युवक को लिया हिरासत में , मचा हड़कंप

## -युवक को हिरासत में लेकर सीआईए टीम ने पूछताछ के बाद छोड़ा

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कैराना। हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी(सीआईए) -1 की टीम एक बार फिर कैराना पहुँची और एक युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया गया है। सीआईए टीम की दस्तक के बाद हड़कंप मचा हुआ है। पूछताछ के लिए हिरासत में लिए गए युवक की बहन व बुआ पाकिस्तान के सियालकोट में रहती है। सीआईए टीम द्वारा जासूसी प्रकरण में युवक की भूमिका तो नही है इसकी जांच की जा रही है।

विगत 13 मई को हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत की क्राइम इन्वेस्टिगेशन एजेंसी(सीआईए)-1 की टीम ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में कैराना कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी नौमान इलाही को गिरफ्तार किया था। नौमान पिछले करीब चार माह से पानीपत में अपनी बहन जीनत के पास रहकर एक फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी कर रहा था। नौमान के विरुद्ध पानीपत के सेक्टर-29 में स्थित औद्योगिक क्षेत्र थाने में सम्बंधित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत करके उसे जेल भेज दिया गया था। बाद में सीआईए ने उसे एक सप्ताह के पुलिस कस्टडी रिमांड पर लिया था, जिसकी रिमांड अवधि 20 मई को पूरी होने जा रही है। सीआईए की टीम रिमांड पर लिए गए नौमान इलाही से जासूसी प्रकरण में गहन पूछताछ करने में जुटी हुई है। इसी प्रकरण में सीआईए-1 की टीम मंगलवार प्रातः एसआई देवराज सिंह के नेतृत्व में कैराना कोतवाली पहुंची। जहां पर टीम ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा स्थित एक मकान पर दबिश दी। सीआईए टीम यहां से एक युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। टीम द्वारा युवक को हिरासत में लिए जाने से मोहल्ले में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि पानीपत सीआईए की टीम पूछताछ के लिए कस्बे के मोहल्ला बेगमपुरा से एक युवक को अपने साथ लेकर गई है। बताया जा रहा है कि टीम ने युवक से पूछताछ करने के बाद उसे छोड़ दिया है।

# ईदगाह भूमि विवाद पर प्रशासनिक टीम पहुंची, निस्तारण टला, महिलाओं में रोष

## एई को एसडीएम ने फोन पर लगाई फटकार, भूख हड़ताल कर चुकीं महिलाएं बोलीं–न्याय नहीं मिला

**नेशनल प्रेस टाइम्स। ब्यूरो**
,चौसाना। जिजौला में ईदगाह भूमि विवाद को लेकर जारी तनाव थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक दशक पूर्व हुए बैनामे की भूमि को ईदगाह में शामिल करने और लोक निर्माण विभाग की जमीन में कथित कब्जा देने के विरोध में प्रदर्शन कर रहीं महिलाओं की शिकायत पर मंगलवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा, लेकिन कोई ठोस निस्तारण नहीं हो सका। पीड़ित महिलाओं ने अधिकारियों पर पक्षपात के आरोप लगाए हैं। वहीं एसडीएम ने मौके पर अनुपस्थित रहे ढहऊ अधिकारियों को फटकार लगाई है।



ऊन तिराहे के निकट जिजौला में वर्षों पुराने भूमि विवाद ने बीते सप्ताह तब तूल पकड़ लिया, जब स्थानीय महिलाओं ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि बैनामे की वैध भूमि को ईदगाह में मिलाकर पीड़ित पक्ष को कब्जे से वंचित किया जा रहा है, जबकि लोक निर्माण विभाग की भूमि में जबरन कब्जा देने की कोशिश हो रही है। महिला प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और तत्काल समाधान की मांग की थी।

इस मामले में तहसील प्रशासन हरकत में आया और मंगलवार को एसडीएम शामली हामिद अंसारी, तहसीलदार मृदुला दुबे के साथ राजस्व निरीक्षक अजीत सिंह, लोकेश सैनी व अन्य लेखपालों की टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ लोक निर्माण विभाग के दो मेहट और बेलदार तथा भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा। भूमि की घंटों तक पैमाइश चली, लेकिन PWD के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे निर्णय टल गया।

एसडीएम ने मौके से ही PWD के एई ईश्वर दत्त को फोन पर फटकार लगाते हुए कहा कि विभाग की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बुधवार को मौके पर पहुंचकर विभागीय टीम स्थायी समाधान सुनिश्चित करे।

महिलाओं का फूटा गुस्सा-वहीं पीड़ित महिलाओं ने आरोप लगाया कि राजस्व अधिकारी केवल औपचारिकता निभाकर चले गए।

मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा रही, जो शांतिपूर्ण तरीके से प्रशासन के फैसले का इंतजार करती रही।

फिलहाल प्रशासन ने पीड़ित पक्ष से संबंधित बैनामे कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई के लिए ढहऊ को तलब किया है। अब देखना होगा कि बुधवार को विभागीय अफसर क्या रुख अपनाते हैं।

# अफकार इंडिया फाउंडेशन ने किया मरीजों को पोषण आहार वितरित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
कांधला। नगर के सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग एवं अफकार इंडिया फाउंडेशन की टीम ने टीबी के मरीजों को पोषण आहार का वितरण किया इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं क्षय रोगियों हेतु पोषण आहार वितरण कार्यक्रम के अंतर्गत समाजसेवी संस्था अफकार इंडिया फाउंडेशन सामाजिक मुद्दों को लेकर काम कर रही है। मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग एवं संस्था के पदाधिकारियों ने नगर के सरकारी अस्पताल में क्षेत्र के दर्जनों टीबी के मरीजों को पोषण आहार वितरित किया। फाउंडेशन ?के निर्देशक अकरम अख्तर चौधरी ने सभी मरीजों को जानकारी देते हुए बताया कि यह टीबी की बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है अपना न्यायमित रूप से ध्यान रखना है समय से दवाई लेनी है और समय-समय पर अपना चेक अप और चिकित्सक से परामर्श लेना है। चिकित्सक प्रभारी रामबीर सिंह ने कहा कि अफकार इंडिया फाउंडेशन सामाजिक संस्था है संस्था के द्वारा जब पूरे देश में कोरोना वायरस जैसी बीमारी का भय फैल रहा था तो संस्था के लोगों ने आगे आकर गरीब लोगों की मदद की एवं लोगों को जागरूक करने का काम किया। सभी लोगों को अफकर इंडिया फाउंडेशन जैसी संस्था से सीख लेनी चाहिए। इस दौरान कार्यक्रम में डॉ वीरेंद्र सिंह,डॉक्टर अजहर, तोहिद अली, डॉ सिद्धार्थ, पवन जैन ,राहुल निमिया, यासमीन, बिलाल, आसिया खान ,सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# चंदन लाल इंटर कॉलेज में मनाई गई अहिल्याबाई की जयंती

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
कांधला। नगर के चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज के प्रांगण में अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में अहिल्याबाई के बारे में उनके जीवन चरित्र की संपूर्ण जानकारी दी गई। मंगलवार को नगर के चंदनलाल नेशनल इंटर कॉलेज के प्रांगण में आहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती और मां अहिल्याबाई होलकर के चित्रों पर मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेन्द्र सिंह व वशिष्ठ अतिथि राजीव जैन ने संयुक्त रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान कॉलेज प्रांगण में दौड प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता के साथ - साथ वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस दौरान एमएलसी वीरेन्द्र सिंह ने छात्र छात्राओं को अपने सम्बोधन में कहा कि हम सभी को अहिल्याबाई होल्कर जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। यदि आपको अपने भविष्य को उज्जवल बनाना है तो जो अवसर मिला है उसका सद्पयोग करके दृढता के साथ अपनी मंजिल को तय करों। सफलता अवश्य मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# जन्मोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
शामली। मंगलवार को नगर पंचायत बनत का 43वॉ जन्मोत्सव हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे प्रातः 11 बजे पंडित रामलाल भारद्वाज के द्वारा हवन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्षा कुसुम देवी व अधिशासी अधिकारी देवकीनन्दन तथा ओमसिंह कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से यज्ञ में आहुति प्रदान दी। अध्यक्षा कुसुम देवी ने नगर पंचायत परिसर में केक काटा। जिसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। ब्राण्ड एम्बेसडर महेन्द्र सिंह सैनी एवं एसबीएम लिपिक ओमसिंह कश्यप के द्वारा उपस्थिति सभी सभासगणों एवं नागरिको को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को सफल बनाने के लिए डोर टू डोर गीला कूड़ा हरे डिब्बे एवं सूखा कूड़ा नीले डिब्बे में अलग-2 देने एवं मेरा आंगन मेरी हरियाली के अन्तर्गत आंगन में पेड पौधे लगाने तथा गीले कूडे से अपने घर में होम कॅम्पोस्टिंग खाद बनाकर गमलों एवं पौधों में खाद डालकर हरा भरा बनाने के बारे में जानकारी दी। उन्होने कहा कि अपने घरों का कूड़ा नाली, नालो, सड़क आदि पर न डाले। केवल नगर पंचायत के वाहन में ही डाले। कार्यक्रम में अध्यक्षा कुसुम देवी, अजय कुमार, नीरज कुमार, इकराम अली उर्फ मुन्नु, कल्लू, कृष्ण कुमार, अमरेश आदि सभासदगण मौजूद रहे। वही ओमकुमार कौशिक, ओमसिंह कश्यप लिपिक, रामकिशन, शिवकुमार गौतम, राहुल कुमार, अमित कुमार, प्रवीन कुमार, देवेन्द्र आदि ने वर्ष भर किए कार्यो की जानकारी दी।



# स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लायंस ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो
शामली। शहर के सैंट आरसी कावेंट स्कूल में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए लायंस ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसके विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन अरविंद संगल ने ओलंपियाड प्रतियोगिता में विजेताओं सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। ओलंपियाड प्रतियोगिता में कक्षा 6 के आरव चौधरी ने विज्ञान में प्रथम और गणित में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रुपए 5000 एवं द्वितीय रुपए 2500 का चौक प्राप्त किया। कक्षा 9 के मन बालियान ने गणित में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रुपए 2500 का एवं अंश मित्तल कक्षा 5 में गणित व अतिक्ष राणा ने अंग्रेजी में और विज्ञान में तृतीय स्थान प्राप्त कर रुपए 1250 व 1250 रुपए चौक द्वारा प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट किया। विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट ऑफ सिग्निफिकेंट एक्सीलेंस एचीवमेंट ट्राफी एवं सर्टिफिकेट भी प्रदान किए गए। प्रधानाचार्या उज्मा जैदी ने कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि हमारे विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह उपलब्धि बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। लायंस ओलिंपियाड फाउंडेशन जैसी संस्थाएं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ती है। हम ऐसे आयोजनों को भविष्य में भी प्रोत्साहित करेंगे जिसमे हमारे विद्यालय के होनहार विद्यार्थी ऐसे ही सफलता की ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद चौधरी ने किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य रविंद्रपाल मलिक, अनुपम मित्तल, मोहम्मद आरिफ, मनीष मित्तल, रवि हुडडा, प्रतिभा शर्मा, दीपा उपाध्याय, तनु चौधरी, दीप्ति पाण्डेय मौजूद रहे।



# दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हंगामा प्रदर्शन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
शामली। क्षेत्र के गांव रामगढ निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर हंगामा प्रदर्शन करते हुए गत 14 मई की रात्रि युवक व युवती की हुई मौत के मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होने युवक व युवती की हत्या करने का आरोप लगाते हुए युवक के मोबाईल की लोकेशन निकालने की मांग की।

मंगलवार को क्षेत्र के गांव रामगढ निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन कर शिकायती पत्र सौंपा। एसपी को दिए शिकायती पत्र में उन्होने कहा कि गत 14-15 मई की रात्रि को लगभग 10.30 बजे से 11 बजे के बीच हर्ष पुत्र राजेन्द्र को घर से बुलाकर नितिन व मोहित, जितेन्द्र, रोहित, शक्ति, अनमोल, अशोक निवासीगण रामगढ़ ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी गयी। आरोप है कि लाश को करोडी अंडरपास से शामली की तरफ रेलवे लाईन पर रखकर फरार हो गए ताकि युवका द्वारा आत्महत्या किए जाना लग सके। बताया कि 15 मई को सुबह 7 बजे आदर्श मंडी थाने से फोन आया कि हर्ष की लाश रेलवे लाईन पर पडी है। रेलवे लाईन पर हर्ष की लाश के पास गये वहां से लाश पोस्टमार्टम के लिये भेज दी गयी। आरोप है कि परिवार वाले जब वापिस घर आये तो प्रेम की लडकी घर आयी और कहने लगी की मैं हर्ष के मारने वालों के नाम बताऊंगी, लेकिन इससे पहले कि वह कुछ बता पाती युवती की भी जहर खान से मौत हो गई। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस अवसर पर उर्मिला, ओमवती, रामकली, सुनीता, गीता, जितेन्द्र, राजेन्द्र, बलदेव, संजीव आदि मौजूद रहे।



# भाजपा कार्यालय झुंझुनूं में जनप्रतिनिधियों, कार्यकताओं और पूर्व सैनिकों की बैठक आयोजित

## 22 मई को बीकानेर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को लेकर हुई चर्चा



**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**
**झुंझुनूं।** जिले के भाजपा कार्यालय में भाजपा संगठन प्रभारी धोद विधायक गोवर्धन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी के नेतृत्व में बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं सहित पूर्व सैनिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश सूरा ने बताया कि बैठक में 22 मई को बीकानेर में प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर चर्चा हुई। जिसमें जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकताओं को विधानसभा वार अलग अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से प्रधानमंत्री मोदी की सभा में जाने के लिए दो-दो बसों की व्यवस्था की जाएगी। इस दौरान झुंझुनू विधायक राजेंद्र भांबू, नवलगढ़ विधायक विक्रम सिंह जाखल, खेतड़ी विधायक धर्मपाल गुर्जर, पूर्व सांसद नरेंद्र खींचड़, पिलानी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे राजेश दहिया, उदयपुरवाटी के पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, भूतपूर्व सैनिक सेवा समिति झुंझुनू के अध्यक्ष कैलाश सुरा, भूतपूर्व सैनिक सोसायटी झुंझुनू के जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह झाझड़िया, पूर्व सैनिक संघ के महासचिव कैप्टन अमरचंद खेदड़, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद चिड़ावा के महासचिव जयसिंह बराला, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद चिड़ावा की उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह मान, नौसैनिक संस्था के महासचिव दलीप झाझड़िया, नौसैनिक संस्था झुंझुनू के पेटी ऑफिसर बजरंग लाल, अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष धर्मपाल भांबू, कैप्टन प्रताप सिंह पुनियां, कैप्टन गोपीचंद जांगिड़, हवलदार नेमीचंद कुलहरी, केंद्रीय आर्म्ड पुलिस फोर्स महासचिव विनोद मुंड उपस्थित रहे।

# भोड़की में एसटीसी के गाइड प्रशिक्षण शिविर में थाली में जूठन न छोड़ने की दिलाई शपथ





**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरों**
गुढ़ागौड़जी। क्षेत्र के जमवाय माता धमाणा जोहड़ भोड़की में चल रहे एसटीसी कॉलेज के 7 दिवसीय गाइड प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान के 31 जिलों के 176 भावी शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। मंगलवार को भोड़की के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीतराम सिंह गोदारा द्वारा इस प्रशिक्षण में अन्न बचाओ समृद्धि लाओ अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने उपस्थित स्टाफ और छात्र-छात्राओं से मां, बेटी, बहन व पत्नी के रूप में अपने परिवार को झूठन के रूप में अन्न का एक दाना भी व्यर्थ नाली में न बहाने के लिए अपने परिवार को संस्कार देने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक के रूप में प्राथमिक कक्षा से ही बच्चों को संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सामूहिक भोज में महिलाएं एक साथ समूह में बैठकर भोजन करती है ऐसे में जूठन छोड़ने वाली महिला और बच्चों को ऐसा न करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जूठन पर चर्चा करने को शर्म की बात न समझे इसे फख्र की बात समझे। क्योंकि ऐसा करके आप देश सेवा के साथ-साथ अन्न देव और अन्न उत्पादक किसान का भी आदर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप अपने-अपने जिलों में जाकर अपने परिवार, समाज, गांव और स्कूल में इस अभियान की जानकारी दें। उन्होंने लोगों को जागरूक करने के लिए विद्यार्थियों को थाली में जूठन न छोड़ने के पंपलेट वितरित किए। उन्होंने अध्यापकों और विद्यार्थियों को थाली में झूठा खाना नहीं छोड़ने की शपथ दिलाई गई। शिविर में उदयपुरवाटी नगर पालिका के अध्यक्ष रामनिवास सैनी भी उपस्थित रहे उन्होंने भी इस अभियान की शपथ लेते हुए कहा कि पार्षदों की मीटिंग में इस विषय पर चर्चा करूंगा और इस मुहिम को आगे बढ़ाऊंगा। गौरतलब है कि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पीतराम सिंह गोदारा द्वारा चलाई गई यह मुहिम धीरे-धीरे रंग ला रही है। राजस्थान में ही नहीं अपितु निकटवर्ती अन्य राज्यों में भी इस मुहिम की प्रशंसा की जा रही है और लोग एक दूसरे को इस अभियान के तहत मोटिवेट कर रहे हैं।

# स्वस्थ भारत के निर्माण में आशा बहनों की भूमिका अमूल्यः बिरला

## स्पीकर बिरला ने बूंदी जिले की आशा सहयोगिनियों से किया संवाद।



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
बूंदी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को बूंदी जिले की आशा सहयोगिनियों के साथ ह्यस्वस्थ भारत की आशाह्न विषय पर संवाद करते हुए कहा कि दूर-दराज के गाँवों में जहां कोई नहीं पहुँचता, वहाँ आशा बहनें स्वास्थ्य सेवा की पहली किरण बनकर सामने आती हैं। मातृत्व, सेवा और संवेदना से ओतप्रोत ये कार्यकर्ता न केवल गर्भवती महिलाओं और नवजातों की देखभाल करती हैं, बल्कि उन्हें पोषण, दवाइयाँ और जरूरी उपचार भी समय पर उपलब्ध कराती हैं।

पुरानी कृषि मंडी प्रांगण में गेल इंडिया लिमिटेड व प्रॉमिसिंग इंडियन सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि माताएं ही वह संकल्प शक्ति देती हैं जिससे देश की सेना दुश्मनों को नेस्तनाबूद करने का सामर्थ्य रखती है। कोरोना काल में जब पूरा देश घरों में था, तब आशा बहनों ने जान जोखिम में डालकर लोगों तक दवाएं पहुँचाईं और उन्हें सुरक्षित रखा। ह्यसुपोषित माँ अभियानह्न के सफल क्रियान्वयन में आशा बहनों का योगदान महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने आग्रह किया कि ऐसी गर्भवती महिलाओं को चिन्हित करें जिन्हें पोषण, दवाओं या रक्त की जरूरत हो, ऐसे हर परिवार की मदद सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान बून्दी नगर परिषद की सभापति सरोज अग्रवाल, गेल के मुख्य महाप्रबंधक अनिल कुमार झा, सामाजिक कार्यकर्ता नूपूर मालव, बून्दी सीएमएचओ ओपी सामर, प्रॉमिसिंग इंडिया की फाउंडर प्रेरणा सिंह आदि मौजूद रहीं।

# नन्द एवं अहमद की दोस्ती का अर्धशतक बैडमिंटन संघ ने किया अभिनंदन



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बूंदी। दारू गोली रंगजी की ,मदद मीरा साहब की फतह हाडा राव की जैसा मंत्र छोटी काशी के वाशिंदों को भाईचारगी का संदेश देता है इसी क्रम में प्रगाढ़ दोस्ती का अर्ध शतक पूर्ण करने पर नंद प्रकाश शर्मा उर्फ नन्दजी एवं दोस्त अहमद का बैडमिंटन संघ द्वारा बच्चों के निशुल्क बैडमिंटन प्रशिक्षण शिविर में दुप्पटा धारण करवा कर एवं शटल भेंट कर अभिनंदन किया गया ।

संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट ने बताया इन दोनों की जोड़ी को हमने स्कूल कॉलेज शिक्षा से लेकर नौकरी ,फोटोग्राफी व्यवसाय में, साथ साथ देखा गया ,सेवानिवृत्ति में भी साथ साथ देखा गया अब रोजाना खेल संकुल में भी साथ साथ घूमते देखे जा सकते है । यह हमारी आने वाली पीढ़ी एवं जनता के लिए एक भाईचारे का संदेश है ।

इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल एडवोकेट,स्वागत सचिव एवं कोच मुकेश दाधीच,आशीष गुप्ता ,शक्ति तोषनीवाल सहित कई खिलाड़ी मौजूद रहे।

# अलवर में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव को दी गई श्रद्धांजलि।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो,**
अलवर। देश के ख्याति प्राप्त पत्रकार, स्वतंत्रता सेनानी परिवार से जुड़े और इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स (क्व्न्न्हख) के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे डॉ. के. विक्रम राव के निधन पर मंगलवार को सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, अलवर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा का आयोजन क्व्न्न्हख के प्रदेश अध्यक्ष उपेन्द्र सिंह राठौड़ के निर्देश पर किया गया, जिसमें पत्रकारिता जगत के कई गणमान्य जनों एवं जनसंपर्क विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। श्रद्धांजलि सभा की शुरूआत दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट के मौन के साथ की गई। इसके पश्चात उपस्थितजनों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर क्व्न्न्हख की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य एवं वरिष्ठ पत्रकार हेमन्त जैमन ने डॉ. विक्रम राव के जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। डॉ. राव का जन्म एक स्वतंत्रता सेनानी परिवार में हुआ था। वे देश के अग्रणी पत्रकारों में गिने जाते थे और दशकों तक पत्रकार हितों की आवाज बुलंद करते रहे। वे टाइम्स ऑफ इंडिया समूह से जुड़े रहे और टाइम्स ऑफ इंडिया तथा द हिंदू जैसे प्रतिष्ठित अखबारों में अपनी लेखनी का योगदान अलवर में दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार डॉ. के. विक्रम राव को दी गई श्रद्धांजलि।

# भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में तिरंगा यात्रा आयोजित



**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
बूंदी । भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और पराक्रम से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष में मंगलवार को आजाद पार्क से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई । यात्रा से पूर्व शहर के गणमान्य लोग आजाद पार्क में एकत्र हुए । आजाद पार्क में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर वक्ताओं ने भारतीय सैनिकों के पराक्रम के बारे में अपने विचार व्यक्त किये । सभा को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत की सेना के शौर्य, उनकी वीरता, उनके अतुलनीय साहस पर देश को गर्व है। हम भारत के वीर सैनिकों को सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत के गौरव, सम्मान को बढ़ाया। लोगों के विश्वास को बढ़ाया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक सफल ऑपरेशन भारत की सेना ने किया। हम उनको सलाम करने जा रहे हैं। तिरंगा यात्रा भी उसी का एक हिस्सा है जहां राष्ट्रभक्ति की भावना जन-जन में प्रदर्शित हो रही है।

मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस दौरान जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, तिरंगा यात्रा जिला संयोजक महापुर सभापति महावीर मोदी , पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी, पूर्व विधायक अशोक डोगरा ,के पाटन पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल, जिला सहसंयोजक राधेश्याम गुर्जर ,शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रंगी, शहर संयोजक महावीर जैन, सहसंयोजक संजय भूटानी, गौरव वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कुंज बिहारी बिल्या, पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा ,शहर काजी अब्दुल शकूर कादरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, सभापति सरोज अग्रवाल ,पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, डॉक्टर बृजबाला गुप्ता, मोजी नुवाल, लंगर साहब गुरुद्वारा प्रधान सुखविंदर सिंह, द्वारका मंत्री , संजय लाठी, सुशील मेहता, महेश जिंदल, अमित निंबार्क, भगवान लाडला , सहित जिले भर से आए गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# अवैध खनन को लेकर जिला कलक्टर ने ली समीक्षा बैठक :अवैध खनन पर पूर्णतया रोक लगे :किशोर कुमार



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
खैरथल-तिजारा, 20 मई। जिला कलक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में अवैध खनन के संबंध में एसआईटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, खनन अभियंता मनोज शर्मा परिवहन एवं वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला कलक्टर ने अभियान के दौरान पुलिस वन एवं खनिज विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की समीक्षा की। जिस पर खनन अभियंता ने बताया कि संबंधित विभागों द्वारा अवैध खनन,निर्गमन, भंडारण के विरुद्ध इस वर्ष अब तक 20 प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 24 ट्रैक्टर, मशीन व डंपर जब्त एवं कार्यवाही में 14 एफआईआर एवं 30 लाख की पेनल्टी लगाई।

जिला कलेक्टर ने समय-समय पर विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए ताकि अवैध खनन को पूर्ण रूप से बंद किया जा सके तथा सूचनाओं पर तुरंत कार्रवाही की जाए। इस दौरान उन्होंने संभावित अवैध खनन स्थान पर आरएसी एवं संबंधित विभागों के संयुक्त तत्वाधान में मार्च पास्ट कराने के निर्देश भी दिए।

## संगठन, अनुशासन और संवाद का उत्कृष्ट उदाहरण बनी साप्ताहिक जनरल परेड

# अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिंगरौली अभिषेक रंजन ने साप्ताहिक जनरल परेड का किया निरीक्षण



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन जिला सिंगरौली ने पुलिस लाईन पचौर में साप्ताहिक जनरल परेड का निरीक्षण किया । प्रातः 8 बजे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का पुलिस लाईन पचौर में आगमन हुआ। जनरल परेड के दौरान सर्वप्रथम परेड की सलामी दी गई तत्पश्चात प्लाटूनों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्तम वेशभूषा, टर्न आऊट के लिये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशंसा एवं ईनाम दिये गये इसके बाद मार्चपास्ट करते हुये सलामी दी गई।

इसके साथ ही, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की व्यक्तिगत और विभागीय समस्याएं गंभीरता से सुनीं तथा कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी सुनिश्चित किया। उन्होंने उपस्थित स्टाफ को बेहतर अनुशासन, समय की पाबंदी और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद प्रधान लेखक कक्ष, शस्त्रागार, स्टोर शाखा एवं वाहन शाखा का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आवश्यक सुधारों के निर्देश दिए।

जनरल परेड में रक्षित निरीक्षक केशव सिंह चौहान, सूबेदार आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पुलिस लाईन एवं थाना चौकी क्षेत्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे है।

# निगरी-निवास, महुआगांव मार्ग पर सुबह 9 से 11 बजे और शाम 4 से 8 बजे तक नो-एंट्री

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**
निगरी-निवास, महुआगांव मार्ग पर चलने वाले कोयला, राखड़, रेत लोड वाहनों से कई बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं। इस मार्ग पर आये दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से न केवल लोगों की असमय जान जा रही थी बल्कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति भी निर्मित होती थी। बड़े लोडिंग वाहनों से होने वाले सड़क हादसों पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा महुआगांव, निगरी-निवास मार्ग पर नो-एंट्री लगाने का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश में महुआगांव से निगरी मार्ग में प्रतिदिन सुबह 9 से 11 बजे तक बड़े वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। उसके बाद शाम 4 से रात 8 बजे तक नो-एंट्री प्रभावशील रहेगी। नो-एंट्री के समय में किसी भी बड़े वाहन को प्रवेश नहीं दिया जायेगा। गौरतलब है कि महुआगांव, निगरी और निवास के मुख्य बाजार की सड़क पर जाम लगता है, जिससे हर समय मार्ग में भीड़भाड़ रहती है। मुख्य मार्ग में कई स्कूल, कॉलेज और अन्य सरकारी कार्यालय स्थित हैं, जहां पर लोगों का आना-जाना लगा रहता है। सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद महुआगांव, निगरी और निवास मार्ग में नो एंट्री लगाए जाने से सड़क हादसों में कमी आने की उम्मीद है। इसी मार्ग से कोयला, राखड़ और रेत लोड वाहनों की आवाजाही होती है। इसी मार्ग से पब्लिक और अन्य वाहन भी निकलते हैं। सड़क की चौड़ाई कम होने से सड़क हादसे होते हैं। लिहाजा नो-एंट्री की जगह सड़क चौड़ीकरण कराया जाये तो अधिक उपयोगी रहेगा।



# शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि और कमियों को दूर करने का प्रयास निरन्तर जारी है - सीएम

नेशनल प्रेस टाइम्स

धनबाद, झारखण्ड राज्यपाल-सह -कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार एवं सीएम हेमन्त सोरेन ने आज बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय , धनबाद के परिसर में झारखण्ड राज्य के अगुवा, पुरोधा और मार्गदर्शक बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने बिनोद बिहारी महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने प्रतिमा अनावरण समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिनोद बिहारी महतो के नाम से स्थापित यह विश्वविद्यालय बहुत कम समय में ही कई नए आयाम गढ़ रहा है। विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के क्षेत्र में यह विश्वविद्यालय तेजी से आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि झारखण्ड की भौगोलिक संरचना के मद्देनजर यहां के लोगों को अधिक से अधिक सुविधा मुहैया करने के लिए हमारी सरकार कई कदम उठा रही है। इसी कड़ी में बिनोद बिहारी महतो विश्वविद्यालय की स्थापना धनबाद जिले में की गई, ताकि यहां के विद्यार्थियों को अपने ही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा मिल सके। आज यह विश्वविद्यालय पूरे राज्य की शोभा बढ़ा रहा है । यहां के विद्यार्थियों का भविष्य संवारने का काम यह विश्वविद्यालय बखूबी निभा रहा है। सीएम ने कहा कि झारखण्ड आन्दोलन की उपज है। इसी



वजह से यह राज्य शहीदों के नाम से जाना जाता है। इस राज्य के निर्माण में हमारे पूर्वजों का अहम योगदान रहा है । ऐसे में अपने शहीदों और आन्दोलनकारियों को सम्मान देने की परंपरा हम निभाते आ रहे हैं। इसी कड़ी में कई संस्थानों का नामकरण यहां के शहीदों के नाम से किया गया है। धनबाद का बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय भी इसी का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य के कई शहर - गांव , टोला-मोहल्ला और गली शहीदों के नाम से जाने जाते हैं । यहां के चौक -चौराहों पर हमारे शहीदों, आन्दोलनकारियों की लगी प्रतिमा यह बताने के लिए काफी है कि इस राज्य के निर्माण में उनका कितना अहम योगदान रहा है। हम अपने शहीदों एवं आन्दोलनकारियों के सम्मान की खातिर उनके कार्यो को स्थापित करने की दिशा में निरंतर कदम बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चाहे प्राथमिक शिक्षा हो या माध्यमिक अथवा उच्च शिक्षा। हमारी सरकार ने काफी कम समय में शिक्षा के क्षेत्र में जो बदलाव किए हैं, उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे है । सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सीमित संसाधनों के बीच इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे ही कई और बदलाव करने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि और उसकी कमियों को दूर करने का प्रयास निरंतर जारी है।

इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक अरुप चटर्जी, विधायक चंद्रदेव महतो, विधायक राज सिन्हा, विधायक उमाकांत रजक, विधायक जयमंगल सिंह, विधायक शत्रुघ्न महतो , विधायक जयराम महतो, झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष बेबी देवी समेत कई अन्य गणमान्य लोगों सहित बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आर के सिंह और जिले के उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक तथा विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के कई पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद थे।

## जन्मोत्सव सह- तिथि भोजन की आयोजन में प्रशासन समेत जनप्रतिनिधियों ने की भागीदारी



नेशनल प्रेस टाइम्स

पाकुड़ (झा०खं०), प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के मध्याह्न भोजन संचालित विद्यालयों में तिथि भोजन का हुआ आयोजन केन्द्र प्रायोजित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अन्तर्गत जिला के सभी मध्याहन भोजन संचालित विद्यालयों में विभागीय निदेर्शानुसार तिथि भोजन का आयोजन करवाने का निदेश दिया गया है। उपायुक्त मनीष कुमार के पहल पर जिला के 900 से अधिक विद्यालयों में पहली बार जन्मोत्सव सह तिथि भोजन का आयोजन किया गया। उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि सरकार के निदेर्शानुसार सरकारी स्कूलों में तिथि भोजन का आयोजन कराया जा रहा है। इसके तहत हरेक माह में एक दिन बच्चों को पौष्टिक भोजन कराया जायेगा। इस योजना का उद्देश्य बच्चों को स्कूल की ओर आकर्षित किया जाना है। उन्होंने बताया कि तिथि भोजन कोई प्रबुद्ध जन या जनप्रतिनिधि अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ, त्योहारों पर भी आयोजित करवा सकते हैं। उपायुक्त के पहल से जिला के 900 से अधिक सरकारी विद्यालयों में पहली बार तिथि भोजन में बच्चों का जन्मदिन भी मनाया गया,बच्चों ने उठाया लुत्फ। उपायुक्त ने इसके सफल आयोजन हेतु सभी शिक्षकों, अभिभावकों, शिक्षा विभाग की पूरी टीम, सभी जन प्रतिनिधि विशेषकर जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, मुखिया एवं वार्ड सदस्य को बधाई दी। जनप्रतिनिधि के साथ-साथ जिला एवं प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा छात्र-छात्राओं को तिथि भोजन कराया गया। जिसमें बच्चों को भोजन में पुरी, बुंदिया, मिक्स सब्जी व सलाद, दाल एवं अंडा, मिठाई , चिकन, केला परोसा गया।

## भारतीय सेना के सम्मान में निकाला गया तिरंगा यात्रा



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
मेहरमा (गोड्डा)। भारतीय सेना के सम्मान में मेहरमा भाजपा मंडल के तत्वाधान में मंगलवार को क्षेत्र भर में तिरंगा यात्रा का भव्य जुलूस निकाला गया। इस दौरान तिरंगा यात्रा सिद्धू कान्हु की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया उसे बाद तिरंगा फहराया मेहरमा चौक से फिरोजपुर पहुंची वहां से बाईपास होते हुए पुनः उक्त कार्यक्रम स्थल पर पहुंची जहां से कार्यक्रम प्रारंभ किया गया था। इस दौरान सभी ने एक स्वर में भारत माता की जय, वंदे मातरम, वीर सपूत अमर रहे, भारतीय सेवा जिंदाबाद, पाकिस्तान मुदार्बाद हिंदुस्तान जिंदाबाद, नरेंद्र मोदी जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। वहीं कार्यक्रम में गोड्डा जिला के जिला अध्यक्ष सजीव मिश्रा, पूर्व प्रदेश के कार्य समिति सदस्य प्रिया सिंह, पटेल युवा मोर्चा के जिला महामंत्री रविंद्र कुमार, मेहरमा मंडल के अध्यक्ष उमेश पासवान, बलबड्डा मंडल अध्यक्ष जय कृष्ण, मेहरमा मंडल के मंडल महामंत्री राजेश सिंह, संथाल परगना के प्रमंडलीय प्रभारी हनीलाल कुशवाहा, राजेश झा, चंचल, संतोष सिंह, मनोज सिंह, राजेश लाल, बबलू भगत, सक्षम सिंह एवं कई महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## अवैध कोयला भंडार की गुप्त सूचना पर की छापामारी

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
धनबाद (झा०खं०), पुटकी थाना अन्तर्गत पुटकी 13 नंबर ग्राउंड में गुप्त सूचना के आधार पर सीआईएसएफ ने पुटकी पुलिस की सहायता से अवैद्य कोयला भंडार को लेकर छापेमारी की। सूत्रों के अनुसार इस काले कारोबार के पीछे धनबाद के अवैद्य कोयला व्यापारी पप्पू मंडल का नाम सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार पप्पू ग्रुप का कोयला रात के अंधेरे में हाइवा में भरकर बेखौफ पुटकी से होते हुए कपूरिया के किसी भट्ठे में खपाया जाता है। आखिर इतनी निर्भीकता से यह काला कारोबार पनप कैसे रहा है? आखिर संदेह वाली गाड़िया रात में चेक क्यों नहीं किया जाता है? कब तक देश का राष्ट्रीय संपति ऐसा ही लुटा जायेगा ।

## डीसी हेमंत सती ने कई निर्माण स्थलों का लिया जायजा

एनपीटी ब्यूरो, साहेबगंज (झा०खं०), साहेबगंज जिले के पुलिस लाईन स्थित अनुसूचित जाति एवं जनजाति (एसटी-एससी) थाना निर्माण कार्य का उपायुक्त हेमंत सती ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने निर्माण स्थल पर उपयोग की जा रही सामग्रियों की गुणवत्ता की बारीकी से जांच करने के पश्चात सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्माण कार्य को ससमय- अवधि में ही गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने पर सख्त निर्देश दिया। इसके उपरांत उपायुक्त हेमंत स्वाति ने जिरवाबाड़ी स्थित झारक्राफ्ट शॉप के निर्माण स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने कार्य की प्रगति का जायजा लिया और स्थानीय कारीगरों के उत्पादों को बेहतर तरीके से प्रदर्शित करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास प्रस्तावित बाल सुधार गृह की भूमि का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित विभाग को भूमि की साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने का आदेश दिया। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि सभी योजनाएं जनहित से जुड़ी हैं और इनके समय पर पूर्ण होने से आम जनता को सीधा लाभ मिलेगा।

## दो अलग-अलग स्थानों पर दो लोगों को सांप ने काटा लातेहार रेफर

लातेहार (झा०खं०), लातेहार जिला के बारियातू थाना अन्तर्गत डाढ़ा ग्राम में सोमवार की देर शाम सोनाली कुमारी ( उम्र लगभग 13 वर्ष, पिता- दिलीप उराँव ) को जहरीला सांप ने काट लिया। जिससे वह अचेत हो गई। परिजनों द्वारा अचेता अवस्था में सोनाली कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रेफरकर दिया । परिजनों ने बताया कि सोनाली कुमारी अपने घर से बाहर कुछ काम से निकल रही थी तभी दरवाजा में ही सांप ने काट लिया। वही दूसरी घटना मंगलवार की सुबह की है। जहां बरियातू में मंदिर धोने के क्रम में मीनाक्षी देवी ( उम्र लगभग 35 वर्ष, पति- अरविंद प्रसाद, ग्राम बरियातू )को एक जहरीला सांप उसके साड़ी में जाकर लिपट गया तथा जब वह पैर से झाड़ कर फेंकना चाही, तब तक सांप ने काट लिया था। परिजनों द्वारा मीनाक्षी देवी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

## राज्य योजना जलनिधि के तहत परकोलेशन टैंक निर्माण योजना का हुआ सर्वेक्षण



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार* के निदेर्शानुसार मंगलवार को भूमि संरक्षण कार्यालय अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य योजनान्तर्गत जलनिधि योजनान्तर्गत जिले के सभी प्रखण्डों में संचालित परकोलेशन टैंक निर्माण योजना का जांच पीएमयू सेल के कर्मियों के द्वारा कराया गया। कर्मियों ने स्थल भ्रमण कर योजना की प्रगति, सूचनापट्ट, कार्य की गुणवत्ता को देखा। कर्मियों ने बताया कि योजना स्थल का निरीक्षण उसकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने के लिए की गई है। जांच में योजना के विभिन्न पहलुओं का मूल्यांकन किया गया, जैसे कि टैंक निर्माण, सामग्री की गुणवत्ता और स्थानीय लोगों का लाभ।

## पीएम आवास योजना (शहरी) के द्वितीय चरण के पात्र लाभुकों का किया जा रहा सर्वे

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
पाकुड़ (झा०खं०), उपायुक्त मनीष कुमार के निदेर्शानुसार नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना द्वितीय चरण के तहत लाभुकों द्वारा किए गए आवेदनों को जिला प्रशासन के पीएमयू सेल के सदस्यों एवं नगर परिषद के कर्मियों के द्वारा संयुक्त स्थल निरीक्षण करके लाभुकों की योग्यता की जांच की गई। इस क्रम में कुल 450 आवेदनों की जांच की गई। जांच में योग्यता के अनुसार सही पाए गए आवेदनों को जल्द से



जल्द योजना का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उपायुक्त मनीष कुमार ने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत द्वितीय चरण में पात्र बेघर परिवारों और कच्चे तथा जीर्ण-शीर्ण मकानों में रह रहे परिवारों को बुनियादी सुविधा युक्त पक्का आवास उपलब्ध कराया जायेगा।

## स्कूल ऑटो में ओवरलोडिंग पर 24 चालकों को चेतावनी, 8 बाइक सवारों पर 17 हजार का जुमार्ना

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
लातेहार (झा०खं०), लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह जांच अभियान मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, लातेहार के समक्ष चलाया गया। अभियान के दौरान उन ऑटो चालकों पर नजर रखी गई, जो निर्धारित संख्या से अधिक स्कूली बच्चों को बैठाकर वाहन चला रहे थे। जांच में ओवरलोडिंग करते हुए कई ऑटो पकड़े गये। हालांकि, इस बार सभी को सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया गया। परिवहन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किया गया, तो संबंधित वाहनों को जप्त करते हुए कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान कुल 24 ऑटो चालकों को चेतावनी दी गयी, वहीं बिना हेलमेट, गाड़ी के कागजातों की कमी जैसे अन्य नियमों के उल्लंघन पर 8 मोटरसाइकिल चालकों से कुल ?17,000 का ऑनलाइन चालान काटा गया।

## जिला मुख्यालय में कांग्रेसियों ने संविधान बचाओ रैली का किया आयोजन

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।
गोड्डा । जिला मुख्यालय में मंगलवार को कांग्रेसियों ने ₹संविधान बचाओ रैली₹ का आयोजन किया। इस रैली में राज्य और जिला के कई बड़े नेता शामिल हुए और अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।
संविधान बचाओ रैली सरकारी बस स्टैंड से शुरू होकर कारगिल चौक, महिला महाविद्यालय, बाल विकास भवन होते हुए नेहरू चौक, असंबनी चौक, नहर चौक से होते हुए नगर भवन पहुंची।
नगर भवन भतडीहा में पहुंचने के बाद एक भव्य भाषण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नेताओं ने अपने विचार रखे और जनता को संबोधित किया। कांग्रेस विधायक दल के नेता सह पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा



सरकार ने संविधान को छिन्न भिन्न करने का प्रयास किया है। कानून के साथ छेड़छाड़ कर संविधान को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जितने भी स्वतंत्र संस्थाएं हैं चाहे वह इडी हो या सीबीआई सभी पर सरकार की दखलअंदाजी है। इन्हीं सब बातों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के निर्देश पर पूरे देश में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज गोड्डा में भी भव्य रैली आयोजित की गई है। आयोजित रैली मे मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष केसव महतो, कमलेश, बेला प्रशाद, प्रदीप बाल मुचु,बंधू तिर्की, शाहजादा अनवर, सुरेश बैठा, अभिजीत कुमार, जिलाध्यक्ष दिनेश यादव सभी प्रखंड अध्यक्ष, सभी मंडल अध्यक्ष नगर अध्यक्ष सहित सैकड़ों कि संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

## कृषि एवं उद्यानिकी समेत मत्स्य पालन 'हेतु वित्त परिमाप निर्धारण को लेकर DLTC की हुई बैठक

नेशनल प्रेस टाइम्स
साहेबगंज (झा०खं०), जिला स्तरीय तकनीकी समिति साहेबगंज की महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त सह-अध्यक्ष हेमंत सती की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में सम्पन्न हुई। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि, उद्यानिकी फसलों, पशुपालन, गव्य, मत्स्य पालन एवं अन्य सम्बद्ध क्षेत्रों के लिए वित्त परिमाप (रूं ड्ड ऋल्लंल्लू) का निर्धारण करना था। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने सभी सदस्यों को जानकारी दी कि कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) एवं बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (इ-ढटऋइ ) के तहत किसानों को लाभ पहुंचाने हेतु विभिन्न कृषि आधारित गतिविधियों के लिए वित्त परिमाप तय किया जाना आवश्यक है। इसमें कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, गव्य, मत्स्यिकी, मधुमक्खी पालन, लाह, मशरूम एवं रेशम उत्पादन जैसी गतिविधियाँ शामिल हैं। कृषि विज्ञान केन्द्र, साहेबगंज के वैज्ञानिकों के सहयोग से प्रमुख कृषि फसलों जैसे–धान, मक्का, रागी, ज्वार, गेहूँ, चना, सरसों, जूट, गन्ना एवं उद्यानिकी फसलें जैसे–टमाटर, प्याज, खीरा, बैंगन, फूलगोभी, बन्धागोभी, भिन्डी, मिर्च, धनिया, आलू, करैला, फूल एवं फलों का विस्तृत वित्त परिमाप तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त पशुपालन, गव्य विकास एवं मत्स्य पालन के लिए संबंधित विभागों द्वारा प्रस्तावित वित्त परिमाप समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समिति ने यह निर्णय लिया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित वित्त परिमाप को आधार मानते हुए, वर्तमान वर्ष में दैनिक मजदूरी, उपादानों की लागत में वृद्धि तथा फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को ध्यान में रखते हुए नए वित्त परिमाप निर्धारित किए जाएँगे। सभी सदस्यों के बीच विस्तृत विमर्श एवं आकलन उपरांत जिले में संचालित प्रमुख कृषि एवं कृषि-आधारित गतिविधियों के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु अद्यतन वित्त परिमाप (रूं ड्ड ऋल्लंल्लू) को अनुमोदन प्रदान किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला पशुपालन पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण भोक्ता, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी राहुल गुप्ता, जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, जिला गव्य विकास पदाधिकारी संतलाल प्रसाद, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन एवं जिला अग्रिम बैंक प्रबंधक सुधीर कुमार उपस्थित रहे। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई एवं लिए गए निर्णयों के आधार पर आगामी कृषि सत्र में किसानों को अधिक लाभ सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ।

# नारी शक्ति संघटन ने निकाली तिरंगा यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

ट्रांस हिण्डन : भारत के आपरेशन सिन्दूर के तहत पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को नेस्तानाबूत करना और जवाबी कार्यवाही में मुंहतोड़ जवाद देने से पूरे देश के निवासी सेना को सल्यूट कर रहे है। भारत के सभी हिस्सों में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। मंगलवार को शालीमार गार्डन में नारी शक्ति संघटन द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गयी। जिसमे सैंकड़ो महिलाओं ने हिस्सा लिया। संघटन की अध्यक्ष रीमा वर्मा द्वारा इस



यात्रा का प्रतिनिधित्व किया गया। यह तिरंगा यात्रा शालीमार गार्डन ए ब्लॉक के पन्नू चौक से शुरू की गयी। जो डेढ़ सौ फूटा रोड व शिव चौक से होते हुए थाना शालीमार गार्डन पर समाप्त हुई। शालीमार गार्डन पुलिस से पिंक बूथ प्रभारी मंजीत अपनी महिला पुलिस टीम के साथ यात्रा को सुरक्षित कराने में मौजूद रही। यात्रा में मौजूद महिलाओं ने थाना पहुँचकर पुलिसकर्मियों को गुलाब देकर सम्मानित किया। यात्रा में मुख्य रूप से कामिनी, मिथलेश, सुधा, उमा, अनीता बजाज, माउदास, शैली, मीरा बिस्वास, अंजना, रामसखी, संगीता चौहान, रीना, गीता व सरमिस्टा दास सहित सैंकड़ो महिला शामिल रहीं।

# बल्लभगढ़ की महिला ने ससुराल पहुंचकर की मारपीट, बुजुर्ग ससुर को दी जान से मारने की धमकी

## गांव कीलपुर, थाना खैर क्षेत्र का मामला; पीड़ित ने थानाध्यक्ष को तहरीर सौंप न्याय की गुहार लगाई

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

मेरठ। थाना खैर क्षेत्र के ग्राम कीलपुर में उस समय हड़कंप मच गया जब बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) की रहने वाली एक महिला अपने कुछ लोगों के साथ ससुराल पहुंचकर घर में घुस गई और बुजुर्ग सास-ससुर से मारपीट शुरू कर दी। महिला ने न सिर्फ गाली-गलौज की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित परिवार ने मामले को लेकर थानाध्यक्ष को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव कीलपुर निवासी गणपत पुत्र स्वर्गीय कंचन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके पुत्र कमल की शादी 01 दिसंबर 2020 को लक्ष्मी पुत्री वीरेंद्र सिंह निवासी सुभाष कॉलोनी, बल्लभगढ़ (फरीदाबाद) से हुई थी। लेकिन कुछ समय बाद पति-पत्नी के संबंध बिगड़ गए और बीते तीन वर्षों से दोनों अलग रह रहे हैं। इस संबंध में तलाक का मामला फरीदाबाद कोर्ट में विचाराधीन है।





गणपत का कहना है कि रविवार, 19 मई 2025 को दोपहर करीब 3 बजे लक्ष्मी अपने मौसा (निवासी जेवर) व उपेंद्र सिंह निवासी इतवारपुर सहित कुछ अज्ञात लोगों के साथ दो गाड़ियों में सवार होकर उनके घर पहुंची और अचानक उनके वृद्ध माता-पिता से अभद्रता करने लगी। उन्होंने घर में घुसकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

तहरीर में उल्लेख है कि उपेंद्र सिंह ने धमकी देते हुए कहा, मेरे भट्ठे चल रहे हैं, मैं अमेरिका में जॉब कर चुका हूं, तुझे गांव से उखाड़ दूंगा।ङ्ख पीड़ित गणपत के अनुसार, उपेंद्र सिंह ने उन्हें मोबाइल पर भी धमकी दी है।

गणपत ने बताया कि उनका पुत्र कमल पिछले तीन वर्षों से मेरठ में रह रहा है और लक्ष्मी अपने मायके बल्लभगढ़ में। बावजूद इसके, दबंग लोग उनके घर पहुंचकर डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोगों ने तो यह भी कहा कि पुलिस से शॉर्टकट में निपट लेंगे।

घटना से भयभीत गणपत ने थानाध्यक्ष खैर को प्रार्थनापत्र सौंपते हुए न्याय की मांग की है। उन्होंने एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अपील की है।

**पुलिस जांच में जुटी**

थाना खैर के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# तैराकी में सीनियर वर्ग के मंडल स्तरीय ट्रायल में नौ खिलाड़ी लेंगे हिस्सा



**नेशनल प्रेस टाइम्स**

गाजियाबाद। एबीईएस कॉलेज में सोमवार को तैराकी में सीनियर वर्ग के लिए जिला स्तरीय ट्रायल का आयोजन हुआ। इसमें नौ खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए चयन हुआ। यह सभी खिलाड़ी 20 मई को मेरठ के विक्टोरिया पार्क में होने वाले मंडल स्तरीय ट्रायल में भाग लेंगे।

कोच राजन ने बताया कि ट्रायल में कई खिलाड़ियों ने फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक व अन्य स्पर्धा में अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें हृदय चिकारा, ओम त्यागी, अर्जित श्रीवास्तव, रिद्धि पांचाल, निष्ठा, जाह्नवी, निधि यादव, दीपा यादव और अर्पिता का चयन मंडल स्तरीय ट्रायल के लिए हुआ। जिला उप क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने बताया कि 23 से 25 मई तक बरेली में तैराकी की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सीनियर वर्ग की महिला और पुरुष खिलाड़ियों की मेरठ मंडल टीम का चयन होना है। इस दौरान कोच दीक्षा, सुशील, कोपल कपूर मौजूद रहे।

# प्रवेश न देने वाले स्कूलों को डीएम ने किया तलब

**नेशनल प्रेस टाइम्स**

गाजियाबाद। शिक्षा का अधिकार के तहत गरीब बच्चों को प्रवेश न देने वाले निजी स्कूलों को जिलाधिकारी ने तलब किया है। इसके लिए जल्द ही एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिसमें प्रवेश नहीं देने वाले या नियमानुसार कम प्रवेश देने वाले सभी स्कूलों को बुलाया जाएगा। इस बैठक में बीएसए कार्यालय और स्कूलों के चक्कर काट रहे अभिभावकों की भी समस्याएं सुनी जाएंगी। अभी तक शहर के छह स्कूलों ने एक भी बच्चे को दाखिला नहीं दिया है।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि 30 स्कूल ऐसे हैं जो अपनी मनमानी कर रहे हैं। इन्हें तीन बार नोटिस भी भेजा जा चुका है, लेकिन यह अभिभावकों को बुला-बुलाकर परेशान तो कर रहे हैं लेकिन प्रवेश नहीं दे रहे हैं। छह स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने एक भी बच्चे को प्रवेश नहीं दिया है। इसके अलावा 24 स्कूल ऐसे हैं, जिन्होंने मानक के अनुसार कम प्रवेश दिया है। इन सभी की जिलाधिकारी जल्द बैठक लेंगे। इसमें इन स्कूलों के प्रधानाचार्यों सहित उन सभी अभिभावकों को भी बुलाया जाएगा, जिनके बच्चों को प्रवेश नहीं मिल पाया है। एक, दो दिन के अंदर ही बैठक आयोजित की जाएगी। बीएसए ने बताया कि डीएलएफ पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल, सुंदरदीप वर्ल्ड स्कूल, गुरुकुल द स्कूल, तुलसी राम माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, मुरादनगर, स्टेप यूपी स्कूल ने नोटिस के बावजूद एक भी दाखिला नहीं दिया है। इन सबको तलब किया गया है।

# 7वीं नेशनल बैंडी फेडरेशन कप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

गाजियाबाद । सेक्टर एक स्थित सनवैली इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ी ने उत्तर प्रदेश की ओर से सातवीं नेशनल बैंडी फेडरेशन कप में भाग लेकर दमदख दिखाया। प्रतियोगिता विशाखापट्टनम में 17 से 18 मई तक हुई, जिसमें देशभर से 12 राज्यों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग लिया। टूनामेंट के अंडर-12 बालिका फाइनल मैच में उत्तर प्रदेश की टीम ने मेजबान टीम तेलंगाना को 7-0 से हराकर पहला स्थान प्राप्त किया और विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। उत्तर प्रदेश टीम में स्कूल की छात्रा यज्ञन्या सिंह और तनिषा जैन ने भाग लिया और अपनी टीम की जीत में विशेष भूमिका निभाई। वहीं, स्कूल के छात्र मेहुल, अद्विक और सारांश सिंह ने अंडर-12 बालक टीम का प्रतिनिधित्व वेदांशु राजपूत ने भाग लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# प्लॉट और फ्लैट के नाम पर सहकारी समिति कर रही करोड़ों की ठगी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

गाजियाबाद। परिषद के प्लॉट और फ्लैट दिलाने के नाम पर कई सहकारी समिति लोगों से ठगी कर रही है। अब तक आवास विकास परिषद के पास 20 करोड़ से अधिक के फर्जीवाड़े की शिकायत मिली है। परिषद अधिकारियों ने समिति की जांच शुरू कर दी है। अब तक तीन अलग-अलग सहकारी समिति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, अन्य की विभागीय स्तर पर जांच चल रही है।

सहकारी अधिकारी अरिमर्दन गौड़ ने बताया कि कई बार लोग कम पैसे में बड़ा मुनाफा कमाने के चक्कर में बिना खोजबीन किए अपना पैसा लगा देते हैं। उन्होंने बताया कि मैसर्स सोलरीस इंफ्रा प्रोजेक्ट्स प्राईवेट लिमिटेड पर करीब 20 करोड़ रुपये गबन करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि बिल्डर ने ग्रेटर नोएडा में परिषद के 10 एकड़ जमीन होने के नाम पर लोगों से ठगी की थी। जबकि वास्तविकता यह थी कि परिषद ने अपनी कोई जमीन बिल्डर को दी ही नहीं थी। ऐसे ही रेल निगम सहकारी समिति के खिलाफ भी गत सप्ताह धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया। इस पर करीब 72 लाख की धोखाधड़ी का आरोप था जो बाद में 21 लाख निकला। परिषद की ओर से इसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं, एक तुर्मांचल विहार सहकारी समिति के खिलाफ भी परिषद की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया है। परिषद अधिकारी का कहना है कि पैसा लगाने के वर्षों बाद जब लोग उन तक शिकायत लेकर पहुंचते हैं तो ऐसे मामलों का खुलासा होता है।

**एनसीआर में पंजीकृत 1500 समिति में से मौके पर मिल रहीं 250 सहकारी समिति**

आवास विकास परिषद के सहकारी अधिकारी अरिमर्दन सिंह गौड़ ने बताया कि गाजियाबाद एनसीआर में 1500 के करीब सहकारी समिति विभाग में पंजीकृत हैं। वर्तमान में इनमें से महत 250 सहकारी समिति ही कार्यरत हैं। इन समितियों में प्रति वर्ष चुनाव होता है और इसकी रिपोर्ट आती है जबकि अन्य किसी भी समिति की ओर से कोई अपडेट सूचना नहीं दी जाती है। ऐसे में छह माह पूर्व 1200 सहकारी समिति को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था लेकिन अभी तक जवाब भी नहीं आया है। इन समितियों को आने वाले दिनों में फिर से नोटिस जारी किया जाएगा। जिसके बाद भी जवाब न मिलने पर सभी समिति का पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा।

**परिषद की सलाह, पैसा लगाने से पहले करें पड़ताल**

सहकारी अधिकारी का कहना है कि लोग ठगे जाने के बाद कार्यालय पहुंचते हैं। लोगों को पैसा लगाने से पहले सहकारी समिति की पड़ताल करनी चाहिए। परिषद की जमीन और फ्लैट समिति के पास हैं भी या नहीं, इसकी जानकारी परिषद में आकर जरूर करनी चाहिए। यहां आकर लोगों को यह भी मालूम हो सकेगा कि समिति पंजीकृत है या नहीं, वर्तमान में यह कार्यरत है या नहीं।

# अलवर में गर्मी का कहर पारा पहुंचा 44 डिग्री के पार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

अलवरः शहर में गर्मी ने अपना प्रचंड रूप दिखाना शुरू कर दिया है। सोमवार को तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गया है। तेज धूप और लू के थपेड़ों से बचने के लिए लोग जरूरी कामों को भी टालने लगे हैं। नगर निगम की ओर से गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर की सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

स्थानीय निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि, ₹गर्मी से हालत बेहद खराब हो गई है। मजदूरी नहीं मिल रही और जो काम है, उसमें जान जोखिम में लगती है।₹ मजदूर वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित नजर



आ रहा है। वहीं, छात्र-छात्राएं अपने शरीर को पूरी तरह ढककर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचाव के लिए सिर पर कपड़ा, चश्मा और पानी की बोतल साथ रखना अब जरूरी हो गया है।

शहर की मुख्य सड़कें, जो आमतौर पर भीड़ से भरी रहती हैं, अब दोपहर में सुनसान नजर आने लगी हैं। ट्रैफिक भी पहले की तुलना में काफी कम हो गया है। डॉक्टरों ने लोगों को दिन में 12 बजे से 4 बजे तक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है।

गर्मी से निपटने के लिए नगर निगम ने टैंकरों की संख्या बढ़ाई है और सार्वजनिक स्थलों पर पानी की व्यवस्था की जा रही है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में और अधिक गर्मी बढ़ने की चेतावनी दी है।

# राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ सीकर जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र मीणा

## प्रदेशाध्यक्ष ने तीन माह में सीकर जिले की समस्त तहसीलों के चुनाव करवाने के दिए निर्देश

**नेशनल प्रेस टाइम,ब्यूरो।**

सीकर। राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ सीकर के जिले भर की तहसीलों में कार्यकारिणी चुनावों को लेकर चल रही भ्रांति का पटाक्षेप संघ प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा ने मंगलवार को विराम लगाते हुए सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र मीणा को संघ सीकर जिलाध्यक्ष की पुनः जिम्मेदारी सौंपते हुए तीन माह में सीकर जिले की समस्त तहसीलों के चुनाव करवाकर रिपोर्ट प्रदेश कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। प्रदेशाध्यक्ष रामकेश मीणा ने बताया कि राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ सीकर की जिला कार्यकारिणी के निर्वाचन कराने हेतु पिछले कई महिनों से किए जा रहे विचार विर्मश के उपरान्त यह निर्णय लिया गया है कि सीकर जिले के चुनाव करवाया जाना अति आवश्यक है। इसको लेकर वीरेन्द्र कुमार मीना को जिलाध्यक्ष के पद पर अग्रिम आदेशो तक मनोनीत किया गया है। साथ ही निर्देशित किया गया है कि वे 3 माह के अन्दर जिला एवं तहसीलों के चुनाव करवाकर रिर्पोट प्रदेश को भिजवाना सुनिश्चित कराएं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वीरेंद्र मीणा ने कहा कि सीकर जिले के मीणा समाज को एकजुट करके समस्त 12 तहसीलों के चुनाव कार्यक्रम चुनाव पर्यवेक्षक व अधिकारी नियुक्त करके करवाए जाएंगे। गत दिनों जो भी सदस्यता के लिए रसीदें काटी जा रही है, वो मान्य नहीं है कोई भी समाजबंधु यह रसीदें नहीं कटवाएं। समाज के प्रत्येक समाजबंधु एकजुट होकर चुनावी प्रक्रिया में भाग ले तथा समाज के उत्थान, विकास, नवाचार में अपनी भागीदारी निभाएं।राजस्थान आदिवासी मीणा सेवा संघ सीकर जिलाध्यक्ष बने वीरेंद्र मीणा।


# नारी शक्ति संघटन ने निकाली तिरंगा यात्रा


## कलेक्टर ने पेट्रोल पंप पर करवाया औचक मोक ड्रिल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरों**

खैरथल। खैरथल-तिजारा, 20 मई। आपातकालीन स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मंगलवार को खैरथल एवं किशनगढ़ रोड के बीच स्थित एक पेट्रोल पंप पर जिला प्रशासन द्वारा औचक मॉकड्रिल की गई। मॉकड्रिल के तहत आग लगने की सूचना जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा जिला सचिवालय कंट्रोल रूम से सुबह 11:20 बजे दी गई। सूचना मिलते ही प्रशासनिक तंत्र हरकत में आ गया। केवल 6 मिनट में जिला कलेक्टर किशोर कुमार एवं पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार मौके पर पहुंच गए। साथ ही, अन्य विभागों की त्वरित कार्रवाई का आंकलन भी किया गया।



सूचना मिलने के पश्चात पेट्रोल पंप पर एंबुलेंस को 11:26 पर सूचना 11:30 पर पहुंच, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी 11:20 से 11:23 पर सूचना 11:26 से 11:32 तक पहुंच, दमकल को 11:23 पर सूचना 11:28 पर पहुंच, चिकित्सा को 11:23 पर सूचना 11:35 तक स्टाफ पहुंचा।

प्रशासन की इस तत्परता और समन्वय को देखकर जिला कलेक्टर ने सभी विभागों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आपात स्थिति में समयबद्ध प्रतिक्रिया जीवन रक्षक सिद्ध हो सकती है, और यह मॉकड्रिल इसी तैयारी की एक कड़ी है।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खैरथल रतनलाल भार्गव, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, एएसपी राजेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं पुलिसकर्मी मौजूद रहे।


'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173



स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं **बैकुंठ मीडिया, 47 बेसमेंट, नवयुग मार्केट, गाजियाबाद** (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।